संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

**सुविचार**

'सपने बड़े हों तो डर भी बड़ा होगा, लेकिन जीत की मिठास भी उसी के बराबर होगी।'



1942 – भारत छोड़ो आंदोलन की सक्रियता: भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारत छोड़ो आंदोलन में कई

पूर्णिया गुरुवार 23 अक्टूबर 2025 email : newsscalepurnea@gmail.com | डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 वर्ष 02, अंक 211

# प्रधानमंत्री ने दीपावली की शुभकामनाओं के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का जताया आभार

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच सोमवार को सौहार्दपूर्ण और रचनात्मक बातचीत हुई। प्रधानमंत्री ने दीपावली के अवसर पर शुभकामनाएं देने और व्यक्तिगत रूप से फोन कॉल करने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप का आभार व्यक्त किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका संबंधों की गहराई, साझा लोकतांत्रिक आदर्शों और वैश्विक शांति के प्रति प्रतिबद्धता पर चर्चा की।



**प्रधानमंत्री ने दिया संदेश, एकजुटता पर बल :** प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' (पूर्व ट्विटर) पर लिखा, "राष्ट्रपति ट्रंप, आपके फोन कॉल और दीपावली की हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। प्रकाश के इस पर्व पर हमारी दोनों महान लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं संसार को आशा की ज्योति से आलोकित करें और हर प्रकार के आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट होकर खड़ी रहें।" उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच साझेदारी न केवल द्विपक्षीय संबंधों को सशक्त बनाती है, बल्कि यह वैश्विक स्थिरता और लोकतंत्र के लिए भी महत्वपूर्ण है।

**व्हाइट हाउस में दीपावली समारोह** राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस में आयोजित दीपावली समारोह में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्यों को संबोधित करते हुए भारत को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, "मैं भारत के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। मैंने आज ही प्रधानमंत्री मोदी से बात की। हमारी बातचीत बहुत सकारात्मक रही, जिसमें व्यापार और आर्थिक सहयोग पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री इसमें गहरी रुचि रखते हैं।" ट्रंप ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं, जो दोनों देशों के हित में हैं।

**पाकिस्तान को लेकर चर्चा से इंकार :** ट्रंप ने अपने संबोधन में भारत-पाकिस्तान संबंधों पर चर्चा का उल्लेख किया था, लेकिन भारत सरकार के सूत्रों ने इसे असत्य बताया। सूत्रों ने स्पष्ट किया कि दोनों नेताओं की वार्ता मुख्य रूप से व्यापार, वैश्विक शांति और आतंकवाद विरोधी सहयोग पर केंद्रित रही। पाकिस्तान से संबंधित कोई मुद्दा नहीं उठा।

**ट्रंप ने की मोदी की प्रशंसा**
राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा, "वह एक महान व्यक्ति हैं और पिछले कुछ वर्षों में मेरे बहुत अच्छे मित्र बन गए हैं।" दोनों नेताओं की यह बातचीत दीपावली के उत्सव के अवसर पर भारत-अमेरिका संबंधों की नई ऊर्जा और साझा मूल्यों की दृढ़ता को प्रतिबिंबित करती है।

» प्रधानमंत्री मोदी ने शुभकामनाओं और व्यक्तिगत फोन कॉल के लिए राष्ट्रपति ट्रंप का आभार जताया।

» टंप ने व्हाइट हाउस में दीपावली समारोह में भारतीय-अमेरिकी समुदाय को संबोधित किया और व्यापार पर चर्चा की जानकारी दी।

» दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका साझेदारी, लोकतांत्रिक आदर्शों और वैश्विक शांति पर जोर दिया।

» भारत सरकार ने स्पष्ट किया कि दोनों नेताओं के बीच पाकिस्तान मुद्दे पर कोई बातचीत नहीं हुई।

## बलोचिस्तान में छह विद्रोहियों और दो पुलिसकर्मियों की मौत



**क्वेटा,** (हि.स.)पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों ने दलबंदिन क्षेत्र में फ़ितना अल-हिंदुस्तान संगठन के छह विद्रोहियों को मार गिराने का दावा किया है। खुफिया और टोही जानकारी के आधार पर विद्रोहियों की गुफा में हवाई निगरानी के बाद यह कार्रवाई की गई। इस दौरान सुरक्षा बलों ने विद्रोहियों को मौके पर ही ढेर कर दिया।

उधर, नुश्की जिले के गरीबाबाद इलाके में कुछ अज्ञात हथियारबंद हमलावरों ने पुलिस चौकी पर अचानक हमला कर दिया। हमले में सिपाही रज़ाक और सिपाही अब्दुल्ला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि यह हमला उग्रवाद या व्यक्तिगत प्रतिशोध से जुड़ा हो सकता है। हमलावर घटना के बाद फरार हो गए। पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है और संदिग्धों की तलाश व छापेमारी जारी रखी है। इसी बीच, बाजौर में सुरक्षा बलों के एक अन्य अभियान में भी एक विद्रोही मारा गया। इन घटनाओं के बाद क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और जांच जारी है।

## भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद उपाधि

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।

**01: सेना प्रमुख की मौजूदगी में रक्षा मंत्री ने मानद पद का चमचमाता प्रतीक चिह्न औपचारिक रूप से सौंपा**



ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी की उपस्थिति में भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद उपाधि प्रदान की गई।

**साउथ ब्लॉक में हुआ पिपिंग समारोह :** साउथ ब्लॉक में आयोजित समारोह में रक्षा मंत्री ने नीरज को प्रादेशिक सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल के प्रतीक चिह्न लगाए। उन्होंने कहा कि नीरज अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक हैं तथा सशस्त्र बलों और खेल जगत दोनों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

**राष्ट्र गौरव और सम्मान की श्रृंखला :** हरियाणा के पानीपत के नीरज ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में स्वर्ण, पेरिस 2024 में रजत और विश्व चैंपियनशिप 2023 में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें इसी वर्ष प्रादेशिक सेना में मानद कमीशन प्रदान किया था। उन्हें पद्मश्री, खेल रत्न और सेवा पदकों से भी सम्मानित किया जा चुका है।

## ऑपरेशन 'सिंदूर' में भारत से मिले आघात को पाकिस्तान लंबे समय तक नहीं भूल पाएगा : राजनाथ

### घरेलू रक्षा उत्पादन एक दशक में बढ़कर रिकॉर्ड 1.51 लाख करोड़ रुपये हो गया

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लेफ्टिनेंट जनरल राज शुक्ला (सेवानिवृत्त) की पुस्तक के विमोचन समारोह में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तीनों सेनाओं के अद्वितीय समन्वय और एकीकरण की सराहना की। उन्होंने कहा कि इसी एकजुटता के चलते भारत ने पाकिस्तान को चारों खाने चित्त किया, और यह आघात पाकिस्तान लंबे समय तक नहीं भूल पाएगा।



**सिविल-मिलिट्री फ्यूजन की रणनीतिक भूमिका :** रक्षा मंत्री ने पुस्तक 'सिविल-मिलिट्री फ्यूजन एज़ अ मेट्रिक ऑफ नेशनल पावर एंड कॉम्प्रिहेंसिव सिक्योरिटी' में बताई गई मुख्य बातों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सिविल-मिलिट्री फ्यूजन केवल एकीकरण नहीं, बल्कि एक रणनीतिक प्रवर्तक है। इसके लिए नागरिक उद्योग, निजी क्षेत्र, शिक्षा और रक्षा क्षेत्र को साझा राष्ट्रीय उद्देश्य के तहत जोड़ना आवश्यक है, जिससे आर्थिक उत्पादकता और रणनीतिक बढ़त बढ़ती है।

**नागरिक तकनीकी क्षमताओं का महत्व :** राजनाथ सिंह ने कहा कि वैश्विक परिप्रेक्ष्य में नागरिक और सैन्य क्षेत्र धीरे-धीरे विलीन हो रहे हैं। तकनीक, अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा अब अधिक परस्पर जुड़ी हैं। उन्होंने दोहरे उपयोग की अवधारणा का उदाहरण देते हुए कहा कि कई महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियां केवल नागरिक उपयोग तक सीमित रह जाती हैं, जबकि उनका सैन्य अनुप्रयोग राष्ट्रीय शक्ति को कई गुना बढ़ा सकता है।

**रक्षा क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास** रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत का रक्षा उत्पादन पिछले एक दशक में 46 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 1.51 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जिसमें निजी क्षेत्र का योगदान लगभग 33 हजार करोड़ रुपये है। उन्होंने 'डिविजन ऑफ लेबर' से 'इंटीग्रेशन ऑफ पर्पस' की दिशा में काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, वरिष्ठ सिविल और सैन्य अधिकारी तथा पूर्व सैनिक उपस्थित थे।

## कोलकाता बना चीन से सीधी हवाई सेवा वाला पहला भारतीय शहर

**कोलकाता,** (हि.स.)।

**एएआई ने इसे अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी में बड़ी उपलब्धि बताया है।**

**नई उड़ान पूर्वी भारत के व्यापार और पर्यटन को नई दिशा देगी।**

लगभग पांच साल के अंतराल के बाद कोलकाता एक बार फिर चीन के मुख्य भूभाग से सीधे जुड़ने वाला देश का पहला शहर बनने जा रहा है। इंडिगो एयरलाइंस ने घोषणा की है कि वह 26 अक्टूबर से कोलकाता और चीन के ग्वांगझोउ के बीच दैनिक नॉन-स्टॉप उड़ान शुरू करेगी।



**एएआई ने दी जानकारी :** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर बताया कि यह नई उड़ान भारत के बढ़ते अंतरराष्ट्रीय विमानन नेटवर्क की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो दोनों देशों के बीच व्यापार और पर्यटन के नए अवसर खोलेगी।

**राजनयिक पहल का परिणाम** भारत और चीन के बीच हवाई संपर्क की यह बहाली हालिया राजनयिक प्रयासों का परिणाम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद दोनों देशों ने आपसी व्यापार और संचार को सशक्त करने का निर्णय लिया था।

**व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा**
कोलकाता-ग्वांगझोउ उड़ान पूर्वी और उत्तर-पूर्वी भारत के व्यापारियों और पर्यटकों के लिए नई संभावनाएं खोलेगी। इंडिगो इस मार्ग पर एयरबस ए320निओ विमान चलाएगी, जो रात 10 बजे कोलकाता से उड़ान भरकर सुबह 4:05 बजे ग्वांगझोउ पहुंचेगी।

## सोशल मीडिया प्लेटफार्म करेंगे एआई कंटेंट की पहचान, आईटी नियमों में होगा बदलाव

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 में संशोधन का मसौदा तैयार किया है। इसका उद्देश्य कृत्रिम रूप से निर्मित सामग्री, जैसे डीपफेक और जनरेटिव एआई कंटेंट के गलत प्रयोग को रोकना है।




**एआई-जनरेटेड सामग्री की लेबलिंग अनिवार्य :** नए नियमों के तहत सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को एआई द्वारा उत्पन्न सामग्री को स्पष्ट रूप से लेबल करना होगा। दृश्य सामग्री के कम से कम 10% क्षेत्र या ऑडियो क्लिप की प्रारंभिक 10% अवधि में यह मार्कर दिखाई देगा। इसके साथ ही प्लेटफार्मों को तकनीकी जांच और मेटाडेटा शामिल करना होगा, जिससे सामग्री की पहचान संभव हो सके।

**उपयोगकर्ता जागरूकता और प्रतिक्रिया :** महत्वपूर्ण प्लेटफार्मों (50 लाख से अधिक उपभोक्ता) को उपयोगकर्ताओं से घोषणा लेनी होगी कि सामग्री कृत्रिम है या नहीं। मंत्रालय ने हितधारकों से 6 नवंबर तक मसौदा संशोधन पर सुझाव मांगे हैं, ताकि उपयोगकर्ता कृत्रिम और प्रामाणिक जानकारी में अंतर कर सकें।

## समुद्री चरण पूरा करके भारतीय युद्धपोत जापान के योकोसुका बंदरगाह पर पहुंचा

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारतीय नौसेना का स्वदेश निर्मित स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस सह्याद्रि जापान के साथ 'जैमेक्स' समुद्री अभ्यास पूरा कर योकोसुका बंदरगाह पहुंच गया है। 16 से 18 अक्टूबर तक हुए अभ्यास में पनडुब्बी रोधी युद्ध, मिसाइल रक्षा, उड़ान संचालन और पुनःपूर्ति जैसे उन्नत अभ्यास शामिल थे। आईएनएस सह्याद्रि और जापानी पोत असाही, ओमी व पनडुब्बी जिनरयू ने इसमें भाग लिया। बंदरगाह चरण में दोनों



देशों की नौसेनाएं व्यावसायिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान करेंगी। यह अभ्यास हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और भारत-जापान की विशेष रणनीतिक साझेदारी को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।(पेज 9)

## साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार समारोह शुक्रवार को कोलकाता में

### कार्यक्रम में देशभर के 23 भाषाओं के अनुवादकों को सम्मानित किया जाएगा

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार 2024 का वितरण समारोह 24 अक्टूबर को कोलकाता स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भाषा भवन सभागार में आयोजित होगा। अकादमी अध्यक्ष डॉ. माधव कौशिक पुरस्कार प्रदान करेंगे, जबकि प्रख्यात विद्वान प्रो. सुकांत चौधरी मुख्य अतिथि और उपाध्यक्ष प्रो. कुमुद शर्मा समापन वक्तव्य देंगी। अकादमी सचिव के श्रीनिवासराव के अनुसार,




25 अक्टूबर को "अनुवादक सम्मिलन" और "अभिव्यक्ति" कार्यक्रम भी होंगे, जिनमें पुरस्कृत अनुवादक अपनी सृजनात्मक प्रक्रिया साझा करेंगे। इस वर्ष के विजेताओं में अंजन शर्मा (असमिया), बासुदेव दास (बांग्ला), मदन सोनी (हिंदी), केष्कर ठाकुर (मैथिली), सुभाष चंद्र शतपथी (ओड़िया), सोहनदान चारण (राजस्थानी), सोमनाथ दाश (संस्कृत), पी. विमला (तमिल) सहित कुल 23 अनुवादक शामिल हैं।

## सीबीआई ने गिरफ्तार डीआईजी भुल्लर के बैंक खाते व लॉकर खंगाले

### बुड़ैल जेल में पूर्व डीजीपी के पिता ने करीब बीस मिनट तक मुलाकात की

**चंडीगढ़,** (हि.स.)। सीबीआई ने भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार किए गए पंजाब के पूर्व डीआईजी एचएस भुल्लर के बैंक खातों की जांच शुरू कर दी है। सीबीआई की टीम ने बुधवार को करीब छह घंटे तक चंडीगढ़ के बैंकों में सर्च की।

एक टीम आज सुबह सेक्टर 9 स्थित एचडीएफसी बैंक की ब्रांच पहुंची थी। यहां हरचरण सिंह भुल्लर के लॉकर की जांच की गई है। टीम को जांच के दौरान यहां से कुछ संपत्ति के कागजात, सोना और कई चीजें



बरामद हुईं है, जिनको टीम ने कब्जे में लिया है। इसके अलावा अभी कुछ और लॉकरों की जांच की जानी है। सीबीआई को एक डायरी भी मिली है, जिसकी जांच की जा रही है। यह भी जानकारी सामने आ रही है कि चार अन्य लॉकर भी हैं, जिनकी अभी जांच करनी बाकी है। बैंक से अनुमति मिलने के बाद इन्हें भी खोला जाएगा।डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर के पिता एमएस भुल्लर भी पंजाब के डीजीपी रह चुके हैं। एमएस भुल्लर ने मंगलवार को देरशाम बुड़ैल जेल में अपने निलंबित डीआईजी बेटे से करीब बीस मिनट तक मुलाकात की।

# बिहार विधानसभा चुनाव : पहले चरण की 121 सीटों पर राजग के मुकाबले महागठबंधन में युवा उम्मीदवार ज्यादा

**पटना,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के पहले चरण में कुल 121 सीटों पर दोनों प्रमुख गठबंधनों– राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और आईएनडीआईए वाले महागठबंधन के उम्मीदवार आमने-सामने हैं। इस चरण में महागठबंधन ने युवाओं पर अधिक भरोसा जताया है। महागठबंधन के उम्मीदवार अपेक्षाकृत राजग गठबंधन से नौजवान हैं। इनकी औसत आयु 50 वर्ष है।

दूसरी ओर राजग उम्मीदवारों की औसत आयु 52 वर्ष है। दोनों गठबंधनों के उम्मीदवारों की कुल औसत आयु इस चरण में 51 वर्ष है।




उम्मीदवारों की उम्र के आधार पर देखने पर पता चलता है कि दोनों गठबंधन कई वरिष्ठ नेताओं को मैदान में उतार रहे हैं। राजग में 15 उम्मीदवार और महागठबंधन में 9 उम्मीदवार 65 वर्ष या उससे अधिक आयु के हैं। इन वरिष्ठ उम्मीदवारों में जदयू के 11, भाजपा के 4, राजद के 5, सीपीआई के 3 और कांग्रेस के 1 उम्मीदवार शामिल हैं। दूसरी ओर, 35 वर्ष से कम उम्र के 20 उम्मीदवार इस चरण में मैदान में हैं। इनमें राजद के 6, जदयू के 5, लोजपा और भाजपा के 3-3, माले के 2 और सीपीआई के 1 उम्मीदवार शामिल हैं।

इस चुनाव में सबसे वरिष्ठ उम्मीदवार हरनौत से जदयू के हरिनारायण सिंह और सीवान से राजद के अवध बिहारी चौधरी हैं, जिनकी उम्र 78 वर्ष है। सबसे युवा उम्मीदवार अलीनगर से भाजपा की मैथिली ठाकुर हैं, जिनकी उम्र मात्र 25 वर्ष है। इन आंकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि दोनों गठबंधनों ने अनुभव और युवा ऊर्जा का संतुलित मिश्रण मैदान में उतारा है।

कई विधानसभा क्षेत्रों में 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र वाले वरिष्ठ उम्मीदवारों के बीच मुकाबला भी देखने को मिल रहा है। उदाहरण के लिए, नालंदा में श्रवण कुमार (66) और कौशलेंद्र कुमार (60) के बीच मुख्य लड़ाई है। बरबीघा में कुमार पुष्पंजय (62) और अन्य उम्मीदवारों के बीच मुकाबला है। यह दर्शाता है कि वरिष्ठ उम्मीदवारों के बीच भी चुनावी प्रतिस्पर्धा काफी कड़ी है।

इसके अलावा कई विधानसभा क्षेत्रों में अनुभवी वरिष्ठ उम्मीदवार युवा उम्मीदवारों को चुनौती दे रहे हैं। संदेश विधानसभा क्षेत्र में 67 वर्षीय राधाचरण सिंह का मुकाबला 28 वर्षीय दीपू सिंह से है। अलीनगर में 63 वर्षीय विनोद मिश्र का मुकाबला 25 वर्षीय मैथिली ठाकुर से है। गायघाट में राजद के 53 वर्षीय निरंजन राय का मुकाबला जदयू की 30 वर्षीय कोमल सिंह से है। इसी तरह फतुहा में 69 वर्षीय राजद के रामानंद यादव का मुकाबला लोजपा की 29 वर्षीय रूपा कुमारी से है। राघोपुर, भोरे, जगदीशपुर, हसनपुर, मधेपुरा, महिषी और विभूतिपुर जैसे क्षेत्रों में भी वरिष्ठ और युवा उम्मीदवारों के बीच दिलचस्प मुकाबला है।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण में उम्मीदवारों की उम्र और अनुभव का यह विश्लेषण यह दर्शाता है कि चुनावी मैदान में न केवल राजनीतिक ताकत बल्कि वरिष्ठता और युवा ऊर्जा का मिश्रण निर्णायक भूमिका निभाएगा। ऐसे उम्मीदवार जो अनुभव के साथ-साथ युवा दृष्टिकोण भी लाते हैं, वे इस चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस चरण में वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति और युवा उम्मीदवारों की चुनौती बिहार के राजनीतिक परिदृश्य को और अधिक रोचक और निर्णायक बनाएगी।

**युवा उम्मीदवार**

सीट -पार्टी- उम्मीदवार-उम्र

अलीनगर-भाजपा-मैथिली ठाकुर-25

विभूतिपुर-जदयू-रवीना कुशवाहा-27

लालगंज-राजद-शिवानी शुक्ला-28

संदेश-राजद-दीपू सिंह-28

अस्थावां-राजद-रविरंजन-29

भोरे-माले-धनंजय-29

फतुहा-लोजपा-रूपा कुमारी-29

सकरा-जदयू-आदित्य कुमार-30

शाहपुर-भाजपा-राकेश रंजन-30

गायघाट-जदयू-कोमल सिंह-30

**उम्रदराज उम्मीदवार**

सीट- पार्टी -उम्मीदवार-उम्र

हरनौत-जदयू-हरिनारायण सिंह-78

सीवान-राजद-अवध बिहारी चौधरी-78

बेलदौर-जदयू-पन्नालाल पटेल-76

तेघड़ा-सीपीआई-रामरतन सिंह-75

आलमनगर-जदयू-नरेन्द्र नारायण यादव-74

हिलसा-जदयू-कृष्ण मुरारी शरण-74

बड़हरा-भाजपा-राघवेंद्र प्रताप-72

महिषी-जदयू-गुंजेश्वर साह-72

फुलवारी-जदयू -श्याम रजक-71

बछवाड़ा-सीपीआई-अवधेश कुमार राय-71 प्रमुख हैं।

# नीतीश कुमार ने सीवान में चुनावी मंच से राजद शासन की दिलाई याद,प्रधानमंत्री के प्रति जताया आभार

**पटना,** (हि.स. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को सिवान जिले के बड़हरिया और रघुनाथपुर विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित सभाओं से बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार की शुरुआत की। उन्होंने अपने संबोधन में राज्य में किए गए विकास कार्यों का उल्लेख किया और कहा कि



उनके शासनकाल में बिजली, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में व्यापक सुधार हुए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक पचास लाख से अधिक लोगों को नौकरी या रोजगार मिला है और लक्ष्य एक करोड़ रोजगार सृजित करने का है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से बिहार में विकास गति पकड़ रहा है। राज्य में अपराध में कमी आई है और समाज में शांति और स्थिरता का माहौल बना है। मुख्यमंत्री ने जीविका, सिंचाई, महिला शिक्षा, मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज, सड़कों और पुलों के निर्माण जैसे कार्यों को सरकार की उपलब्धि बताया। अंत में उन्होंने सिवान जिले की सभी विधानसभा सीटों के प्रत्याशियों के लिए समर्थन मांगा और मतदाताओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अधिक से अधिक भागीदारी की अपील की।

## चुनाव के अंतिम दौर में फिर से लोगों के बीच जाएंगे और तीन साल से जो कह रहे वो याद दिलाएंगे : प्रशांत किशोर

**पटना,** (हि.स.)जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर बुधवार को सारण जिले के सोनपुर, परसा, अमनौर और मढ़ौरा पहुंचे। उन्होंने विभिन्न स्थलों पर आम लोगों से संवाद कर जन सुराज के उद्देश्यों और बिहार के विकास की दिशा पर चर्चा की। सोनपुर के बजरंग चौक, परसा के दारोगा राय चौक, अमनौर बाजार और मढ़ौरा में स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। प्रशांत किशोर ने दारोगा राय चौक पर पूर्व मुख्यमंत्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और डुमरी मंदिर में पूजा-अर्चना की। यात्रा के दौरान बड़ी संख्या




में युवाओं की उपस्थिति रही। उन्होंने कहा कि बिहार बदलाव यात्रा का लक्ष्य जनता के साथ संवाद और विकास के मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा है।

## सरकार बनने के बाद जीवीका दीदियों को देंगे 30 हजार की स्थाई नौकरी : तेजस्वी यादव

**पटना,** (हि.स.)।पटना, 22 अक्टूबर (हि.स.)। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मुख्यमंत्री उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में जीविका दीदियों और संविदा पर काम करने वाले कर्मचारियों को सरकार बनने पर सरकारी कर्मी का दर्जा देने की घोषणा की है।



तेजस्वी यादव ने कहा कि "जीविका दीदी के साथ जितना अन्याय बिहार सरकार ने किया है, उतना कहीं नहीं हुआ होगा। जब हम बिहार में दौरा कर रहे थे, तब जीविका दीदी की टीम आकर अपना ज्ञापन देती थी और अपना दुख व्यक्त करती थी। उन्हीं लोगों की पीड़ा को देखते हुए हम लोगों ने अध्ययन किया और यह निर्णय लिया है कि कम्युनिटी मोबिलाइजर जीविका दीदी को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देंगे और उनका वेतन 30000 रुपये करेंगे। तेजस्वी यादव ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हमने घोषणा की है कि हमारी सरकार बन जाएगी, तो हम बिहार के हर उस परिवार में एक सरकारी नौकरी देंगे, जिसके परिवार में सरकारी नौकरी किसी को नहीं है। यह काम सरकार बनने के 20 दिनों के अंदर ही होग

'माई-बहिन मान योजना' का जिक्र करते हुए तेजस्वी ने कहा कि उनकी सरकार बनने पर बिहार में महिलाओं को इस योजना के तहत प्रति माह ढाई हजार रुपये दिये जाएंगे। जिनके पास मकान नहीं है या अन्य कोई आमदनी नहीं है, उनके लिए भी सरकार बनने पर व्यवस्था की जाएगी। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में सरकार बदलने का समय आ गया है। बिहार में पढ़ाई, कमाई, सिंचाई, दवाई और कार्रवाई वाली सरकार की जरूरत है। इसी को लेकर हम लोगों ने जो घोषणाएं की थी, उसी का नकल बिहार की सरकार ने किया। 'माई-बहिन मान योजना'की हमने बात की। इसी से परेशान होकर सरकार ने महिलाओं को 10-10 हजार रुपये रोजगार के लिए दिया है। मात्र 10 हजार रुपये में बिहार की महिलाएं कौन-सा रोजगार करेंगी? यह अमित शाह बता सकते हैं।

## बिहार विधानसभा चुनाव : मोहनिया से राजद उम्मीदवार श्वेता सुमन का नामांकन रद्द

**पटना,** (हि.स.

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की मोहनिया (एससी) विधानसभा सीट से उम्मीदवार श्वेता सुमन का नामांकन पत्र रद्द हो गया है।

श्वेता सुमन ने मोहनिया (एससी) विधानसभा सीट से अनुसूचित जाति के प्रमाण-पत्र के आधार पर नामांकन दाखिल किया था। लेकिन भाजपा ने दावा किया कि श्वेता सुमन मूल रूप से उत्तर प्रदेश की निवासी हैं और उनका जन्मस्थान भी उत्तर प्रदेश है। उनके पति का नाम विनोद राम है।भाजपा नेता विंध्याचल राय ने निर्वाचन विभाग को आवेदन देकर नामांकन रद्द करने की मांग की थी।




निर्वाचन आयोग के नियमों के अनुसार, किसी राज्य में आरक्षित एससी सीट से चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार को उसी राज्य की अनुसूचित जाति का सदस्य होना अनिवार्य है। श्वेता सुमन के पास उत्तर प्रदेश की 'रविदास' जाति का प्रमाण-पत्र है, जो बिहार में अनुसूचित जाति सूची में शामिल नहीं है।

नामांकन रद्द होने के बाद श्वेता सुमन ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा और उनके उम्मीदवार को हमसे डर था इसलिए साजिश के तहत मेरा नामांकन रद्द कर दिया गया। वे कह रहे हैं कि मैं यहां की मूल निवासी नहीं हूं, लेकिन मैं यहां पिछले 20 साल से रह रही हूं। दूसरी ओर राजधानी पटना में भाजपा मीडिया सेंटर में आयोजित पत्रकार वार्ता में विंध्याचल राय ने कहा कि 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में श्वेता सुमन ने 'सुमन देवी पत्नी विनोद राम' नाम से मोहनिया सीट से नामांकन दाखिल किया था। उस समय उन्होंने स्पष्ट रूप से जाति का उल्लेख किया था, जो उत्तर प्रदेश की अनुसूचित जाति है। राय ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धाराओं का हवाला देते हुए कहा कि किसी राज्य की एससी सूची दूसरे राज्य में मान्य नहीं होती। बिहार में उनकी जाति अधिसूचित नहीं है। इसलिए श्वेता सुमन का नामांकन अमान्य था।

## राजद ने बिहार को लूटा, एक लाख लोगों को भी सरकारी नौकरी नहीं दी :सम्राट चौधरी



**पटना,** (हि.स.)बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के चार बड़े ऐलानों पर पलटवार किया। उन्होंने रोजगार और सामाजिक सुरक्षा को लेकर तेजस्वी यादव की ओर से किए गए वादे को सपनों की राजनीति करार दिया

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के 15 साल के राज में बिहार को लूटा गया और एक लाख लोगों को भी सरकारी नौकरी नहीं दी गई। आज तेजस्वी यादव 2 करोड़ 70 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देने का सपना दिखा रहे हैं, जबकि उनके माता-पिता के राज में बेरोजगारी बढ़ी और बड़े स्तर पर पलायन हुआ।

सम्राट चौधरी ने कहा कि तेजस्वी यादव नौकरी-रोजगार की बात कर रहे हैं, लेकिन चुनाव के बाद उन्हें कुछ याद नहीं रहता। ये केवल गप मारने वाले लोग हैं। पूरा बिहार इनके भ्रष्टाचार और लूट-पाट को जानता है। ये लोग सिर्फ सपनों की राजनीति करते हैं।

## छठ महापर्व पर अत्यधिक संख्या में यात्रियों के आवागमन को लेकर रेलवे स्टेशन पर दंडाधिकारियों तथा पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

**पटना,** (हि.स. छठ महापर्व के अवसर पर भारी यात्रियों के आवागमन को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने रेलवे स्टेशनों पर विशेष सुरक्षा प्रबंध किए हैं। पटना जंक्शन, राजेन्द्र नगर टर्मिनल, पाटलिपुत्र और दानापुर रेलवे स्टेशन पर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।



**तीन पालियों में सुरक्षा व्यवस्था** : जिला प्रशासन ने 22 अक्टूबर से तीन पालियों में कुल 30 दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को तैनात किया है। इनकी जिम्मेदारी यात्रियों की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और विधि-व्यवस्था बनाए रखना है। पदाधिकारी रेलवे अधिकारियों के साथ संवाद एवं समन्वय बनाए रखेंगे ताकि यात्रियों का प्रवेश एवं निकास सुचारू रूप से हो सके।

**स्वास्थ्य और आकस्मिकता प्रबंध** : सिविल सर्जन, पटना को जीवन-रक्षक दवाओं और एम्बुलेंस सहित मेडिकल टीम क्रियाशील रखने का

**अतिक्रमण-मुक्त और सुरक्षित परिवेश** : नगर कार्यपालक पदाधिकारियों को रेलवे स्टेशन के आस-पास क्षेत्र को अतिक्रमण-मुक्त रखने का निदेश दिया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी लगातार भ्रमणशील रहकर विधि-व्यवस्था संधारण सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि रेल प्रबंधन को सभी प्रशासनिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है और पदाधिकारी यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा हेतु आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

निर्देश दिया गया है। किसी भी आकस्मिक स्थिति में तत्काल कार्रवाई के लिए जिला नियंत्रण कक्ष (0612-2219810, 2219234) और डायल 112 24 घंटे संपर्क के लिए खुला रहेगा।

**तीन पालियों में 30 दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी यात्रियों की सुरक्षा एवं भीड़ नियंत्रण के लिए तैनात।**

---

**सिविल सर्जन को मेडिकल टीम और जीवन-रक्षक दवाओं के साथ आकस्मिकता से निपटने का निर्देश।**

---

**नगर कार्यपालक पदाधिकारी रेलवे स्टेशन के आसपास अतिक्रमण-मुक्त वातावरण सुनिश्चित करेंगे।**

---

**-यात्री सुविधा और सुरक्षा हेतु जिला प्रशासन और रेलवे अधिकारियों का समन्वय लगातार जारी रहेगा।**

## झूठ के सौदागर हैं तेजस्वी, चुनावी झांसों में नहीं फँसेगी जनता : उमेश सिंह कुशवाहा

**पटना,** (हि.स.)।बिहार जनता दल (यू) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को झूठ का सौदागर बताते हुए कहा कि उनकी ओर से जनता को भ्रमित करने का कोई चुनावी हथकंडा सफल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि लालू परिवार की नीति हमेशा लूट-खसोट वाली रही है, लेकिन सत्ता से दूर रहने की बेचैनी ने उन्हें रंगा सियार की भांति जनता को भ्रमित करने के प्रयास पर मजबूर कर दिया है।

**राजद पर तंज और चुनावी रणनीति** : प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 1990-2005 के बीच राजद सत्ता में रहते हुए इस तरह की योजनाओं की शुरुआत नहीं कर सका और उनका उद्देश्य केवल परिवार हित तक सीमित रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि आज राजद झूठे वादों की बौछार कर जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन जनता इसके जाल में नहीं फँसेगी।



**जीविका योजना और महिलाओं का सशक्तिकरण** : कुशवाहा ने कहा कि 2006 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा शुरू की गई जीविका योजना ने आज 1.35 करोड़ से अधिक महिलाओं को गरीबी और पिछड़ेपन से बाहर निकाल कर विकास की मुख्यधारा में शामिल किया। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य सरकार ने हाल ही में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 2 लाख 10 हजार रुपये की सहायता देने की घोषणा की है और पहली किस्त में 1.5 करोड़ से अधिक महिलाओं को 10 हजार रुपये भेजे जा चुके हैं।

# पूर्णिया में सातों विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव 2025 की तैयारियों का व्यापक निरीक्षण, प्रेक्षकगण संतुष्ट

## जिला हेल्पलाइन, नियंत्रण कक्ष और एमसीएमसी सेल का निरीक्षण, सोशल मीडिया और आचार संहिता अनुपालन की

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**




बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्णिया जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों के लिए सामान्य प्रेक्षकगण की नियुक्ति की गई है। इसी कड़ी में बुधवार को सभी प्रेक्षकगण ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के साथ संयुक्त रूप से समाहरणालय स्थित जिला हेल्पलाइन, नियंत्रण कक्ष, शिकायत निवारण एवं वोटर हेल्पलाइन कोषांग तथा एमसीएमसी सेल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान प्रेक्षकगण ने निर्वाचन से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। मौके पर संबंधित नोडल पदाधिकारी एवं वरीय पदाधिकारी ने एमसीएमसी एवं सोशल मीडिया गतिविधियों, आदर्श आचार संहिता के अनुपालन और शिकायत निवारण प्रणाली की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी।

**कार्यों के ससमय प्रबंधन की प्राथमिकता पर जोर ;** मौके पर संबंधित नोडल पदाधिकारी, वरीय पदाधिकारी और अन्य अधिकारी मौजूद थे। प्रेक्षकगण ने यह सुनिश्चित किया कि हेल्पलाइन, नियंत्रण कक्ष और एमसीएमसी सेल में सभी प्रक्रियाएँ निर्विघ्न और प्रभावी रूप से कार्य कर रही हों। प्रेक्षकगण ने स्पष्ट किया कि चुनाव की निष्पक्षता, पारदर्शिता और समय पर कार्यवाही की जिम्मेदारी सभी अधिकारियों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इस तरह की पूर्ण तैयारी से पूर्णिया जिले में आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और प्रभावी रूप से संपन्न होगा।

**सतत निगरानी का दिया निर्देश**

प्रेक्षकगण ने निर्देश दिया कि सभी चुनाव प्रचार सामग्री, इंटरनेट मीडिया पोस्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों की निरंतर निगरानी की जाए। साथ ही नियंत्रण कक्ष में प्राप्त शिकायतों और सूचनाओं पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

एमसीएमसी सेल द्वारा विज्ञापनों एवं चुनाव प्रचार सामग्री के परीक्षण में पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने पर जोर दिया गया। प्रेक्षकगण ने अधिकारियों को विधानसभा निर्वाचन में निष्पक्षता, पारदर्शिता और तत्परता सुनिश्चित करने के लिए विशेष निर्देश दिए।

**चुनाव प्रक्रिया की व्यवस्थाओं और पूर्व तैयारी पर किया संतोष व्यक्त ;** निरीक्षण के दौरान प्रेक्षकगण ने चुनाव प्रक्रिया की व्यवस्थाओं और पूर्व तैयारी पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि जिला में निर्वाचन की तैयारी संतोषजनक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि सभी कार्य योजनाओं और हेल्पलाइन सेवाओं का समुचित पालन सुनिश्चित किया जाए।

# गोवर्धन पूजा और काली पूजा पर विधायक ने मंदिरों में की पूजा-अर्चना, क्षेत्रवासियों से किया जनसंपर्क

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**



गोवर्धन पूजा एवं काली पूजा के अवसर पर विधायक विजय खेमका ने शहर के विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

विधायक ने गुलाबबाग स्थित श्री श्याम मंदिर में गोवर्धन पूजा के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की आराधना की। इसके बाद बेगमाबाद पोखरिया स्थित सार्वजनिक माँ काली मंदिर और नीलगंज कोठी माँ काली सार्वजनिक मंदिर में भी पूजा-अर्चना की।

इसके अलावा हनुमान कोठी रजनी चौक, महावीर संघ काली पूजा समिति, माँ दक्षिणेश्वरी सार्वजनिक काली पूजा समिति और विवेकानंद कॉलोनी वार्ड नं.-25 स्थित सार्वजनिक काली पूजा समिति में उपस्थित होकर उन्होंने क्षेत्रवासियों की भलाई की प्रार्थना की।

पूजा-अर्चना के उपरांत विधायक ने उपस्थित श्रद्धालुओं एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने राज्य एवं जिले में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी साझा की और जनता से सुझाव प्राप्त किए। इस दौरान विधायक ने सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे क्षेत्रों में विकास की गति पर प्रकाश डालते हुए स्थानीय निवासियों से सहयोग बनाए रखने का आग्रह किया। इसके बाद उन्होंने ईस्ट ब्लॉक के दिवानगंज पंचवटी टोला में ग्रामवासियों से भी आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान

विधायक के साथ प्रदेश नेता नरेश साह, दिलीप साह, मुखिया प्रतिनिधि मनीष गुप्ता, पूर्व मुखिया प्रदीप साह, स्वपन साह, अनिल महलदार, रामकुमार साह, पूर्व सरपंच अनार साह, ललिता साह, बबलू चौधरी, पवन साह सहित महिला-पुरुष श्रद्धालू मौजूद थे।

# महापौर विभा कुमारी ने नगर में काली पूजा में लिया भाग, लोगों को दी शुभकामनाएं

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**




पूर्णिया में मंगलवार की रात महापौर विभा कुमारी ने नगर निगम क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में आयोजित काली पूजा कार्यक्रमों में शामिल होकर नगर वासियों के सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। महापौर ने सुदीन चौक स्थित महामाया स्थान में स्कूली बच्चों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया और बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजकों को शुभकामनाएं दी।

महापौर विभा कुमारी ने इसके बाद खजांची हाट काली मंदिर, मंगल कॉलोनी, पंचवटी कॉलोनी, रजनी चौक, महावीर स्थान, विवेकानंद कॉलोनी, चित्रवाणी काली मंदिर, भट्ठा दुर्गाबाड़ी मंदिर परिसर और महबूब खान टोला में आयोजित काली पूजा में जाकर मां काली का दर्शन-पूजन किया। इन स्थानों पर पूजा समिति के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने महापौर का स्वागत और अभिनंदन किया।

सुदीन चौक पर आयोजित भक्ति जागरण कार्यक्रम के मौके पर महापौर ने उपस्थित लोगों को काली पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां काली सभी का कल्याण करें और उनके घर सुख, शांति और समृद्धि लेकर आएं। उन्होंने कहा कि भक्ति जागरण कार्यक्रम का उद्देश्य शक्ति की आराधना है, जो संगीत के माध्यम से की जाती है। संगीत से शांति और शांति से समृद्धि आती है।

महापौर ने कहा कि हमारा समाज भाईचारे और सौहार्द पर आधारित है। जैसे हम दशहरा, दीपावली और काली पूजा मनाते हैं, वैसे ही ईद और क्रिसमस की खुशियां भी साझा करते हैं। यह हमारी संस्कृति और विरासत है, जिसे संरक्षित रखने की आवश्यकता है।

# डगरूआ पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो को किया गिरफ्तार

**न्यूज़ स्केल डगरुआ**



डगरूआ थाना पुलिस ने वाहन जांच के दौरान नशा के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान बड़ी सफलता हासिल की। नशा के विरुद्ध कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक जुगाड़ गाड़ी को रोका और तलाशी लेने पर उसमें कुल 140.760 लीटर विदेशी शराब और दो मोबाइल फोन बरामद किए। इस मामले में पुलिस ने मौक़े से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है । पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों में तनवीर आलम (27 वर्ष), पिता मुन्ना आलम, और मो. अनसारुल आलम (38 वर्ष), पिता कमालुद्दीन, शामिल हैं। दोनों का पता मन्ना टोली (दालकोला), वार्ड नं. 13, थाना दालकोला बताया गया है। पुलिस ने बताया कि दोनों पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# रूपौली में एनडीए घटक दलों का समन्वय सम्मेलन में , शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव पर जोर

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**



बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दृष्टिगत, रूपौली विधानसभा क्षेत्र में एनडीए के विभिन्न घटक दलों के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के बीच समन्वय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य सभी घटक दलों के बीच समन्वय एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के लिए रणनीति साझा करना था।

कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद एवं क्षेत्रीय चुनाव प्रभारी प्रदीप वर्मा ने सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव सुनिश्चित करने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहयोग करें और मतदान के दौरान नियमों का पालन सुनिश्चित करें।

सम्मेलन में जदयू के प्रदेश महासचिव एवं जिला संगठन प्रभारी सुनील कुमार पटेल, भाजपा के जिलाध्यक्ष मनोज सिंह तथा जदयू जिलाध्यक्ष प्रकाश सिंह पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने सीमांचल क्षेत्र में सहयोग और संवाद को बढ़ावा देने पर बल दिया।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान 6 नवंबर (पहला चरणः 121 सीटें) एवं 11 नवंबर (दूसरा चरणः 122 सीटें) को होगा, जबकि परिणाम 14 नवंबर को घोषित किए जाएंगे। इस चुनाव में सभी राजनीतिक दलों से अपील की गई है कि वे आचार संहिता का पालन करते हुए अपने निर्वाचन अभियान चलाएँ।

## पूर्णिया में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है

# ICDS, स्वास्थ्य और कल्याण विभाग के कर्मियों ने डोर-टू-डोर जाकर मतदान के महत्व पर दिया संदेश

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**



जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी के दिशा-निर्देशन में जिले के सभी प्रखंडों में स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य 11 नवंबर 2025 को होने वाले बिहार विधानसभा आम निर्वाचन में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाना और उन्हें मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना है।

इस अभियान में स्वीप नोडल पदाधिकारी एवं जिला प्रोग्राम पदाधिकारी के नेतृत्व में ICDS, जीविका दीदी, स्वास्थ्य विभाग, कल्याण विभाग और पंचायत स्तर के सभी कर्मी सक्रिय रूप से शामिल हुए। उन्होंने प्राइवेट सेक्टर के मतदाताओं को भी मतदान की प्रक्रिया और लोकतंत्र में उनके योगदान के महत्व के बारे में जानकारी दी।

जागरूकता अभियान के दौरान लोगों को संदेश दिया गया, "बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता"। इसके साथ ही, जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों में चिन्हित कुल 13 Low Voter मतदान केंद्रों पर डोर-टू-डोर भ्रमण कर मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रेरित किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से मतदाताओं में मतदान के प्रति उत्साह बढ़ेगा और वे अपने मत का प्रयोग अवश्य करेंगे। यह अभियान निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, स्वतंत्र और सर्वसम्मत बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

# पूर्णिया के 2 आयुष्मान आरोग्य मंदिर अस्पतालों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन (एनक्यूएएस) प्रमाणपत्र

## गौरा और गणडवास अस्पताल ने नेशनल टीम द्वारा 07 स्वास्थ्य सुविधाओं में हासिल किए उच्च अंक



**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

**एनक्यूएएस प्रमाणपत्र मिलने के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग अगले 3 वर्षों तक देगा आवश्यक सहयोग राशि**

-------------------

पूर्णिया जिले के 2 आयुष्मान आरोग्य मंदिर अस्पतालों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया है। इसमें पूर्णिया पूर्व प्रखंड के आयुष्मान आरोग्य मंदिर गौरा और डगरुआ प्रखंड के आयुष्मान आरोग्य मंदिर गणडवास अस्पताल शामिल हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पूर्व में दोनों अस्पतालों का मूल्यांकन किया और स्थानीय लोगों के लिए उपलब्ध सात प्रमुख स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। इसमें गर्भवती महिलाओं और प्रसव सुविधा, बच्चों और वयस्क स्वास्थ्य सुविधा, अस्पताल में उपलब्ध मरीजों के लिए जांच और दवा व्यवस्था, योग्य दम्पत्तियों के लिए परिवार नियोजन सुविधा, संचारी और गैर-संचारी रोग चिकित्सा, नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य सुविधाएं शामिल हैं।

**अस्पताल को 86.21 प्रतिशत अंक और गणडवास अस्पताल को 83.06 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए :**

सिविल सर्जन डॉ. प्रमोद कुमार कनौजिया ने बताया कि गौरा अस्पताल को 86.21 प्रतिशत अंक और गणडवास अस्पताल को 83.06 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। दोनों प्रखंड के संबंधित स्वास्थ्य अधिकारी प्रमाणपत्र प्राप्त करने पर बधाई के पात्र हैं। डीसीक्यूए डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि नेशनल टीम द्वारा मूल्यांकन के बाद अस्पताल को अगले 03 वर्षों तक सभी स्वास्थ्य सुविधाएं नियमित रूप से जारी रखने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग आवश्यक सहयोग राशि उपलब्ध कराएगा। इससे अस्पताल व्यवस्थाएं व्यवस्थित रहेंगी और स्थानीय लोग आवश्यक स्वास्थ्य सहायता प्राप्त कर सकेंगे।

**राज्य स्तर पर 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त होने के बाद नेशनल टीम द्वारा भी मूल्यांकन**

डीपीएम स्वास्थ्य सोरेंद्र कुमार दास ने बताया कि एनक्यूएएस प्रमाणपत्र प्रक्रिया में जिला स्वास्थ्य विभाग राज्य और केंद्र स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर अस्पतालों की समीक्षा करता है। राज्य स्तर पर 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त होने के बाद नेशनल टीम द्वारा भी मूल्यांकन किया जाता है। नेशनल प्रमाणपत्र मिलने पर केंद्रीय सहयोग राशि अस्पताल को उपलब्ध कराई जाती है।

डॉ. शर्मा ने यह भी बताया कि जिला स्वास्थ्य विभाग और सहयोगी संस्था यूनिसेफ के समर्थन से स्थानीय लोगों को निरंतर स्वास्थ्य सहायता प्राप्त होती रहती है। एनक्यूएएस प्रमाणपत्र मिलने से यह सुनिश्चित होगा कि अस्पतालों में सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं नियमित रूप से उपलब्ध रहें और लोग आसानी से लाभ उठा सकें।

# साइबर थाना पूर्णिया ने ठगी पीड़ित को दिलाई राहत, 3.59 लाख रुपये लौटाए




**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

साइबर थाना पूर्णिया की तत्परता से साइबर ठगी के शिकार पीड़ित को बड़ी राहत मिली । सूचना के बाद साइबर थाना की सक्रिय पहल पर पीड़ित मोहम्मद इकबाल आलम को कुल ₹3,59,983 की राशि वापस कराई गई। इस सम्बन्ध में साइबर थाना द्वारा बताया गया कि पीड़ित से ऑनलाइन माध्यम से यह ठगी की गई थी, जिसके बाद उन्होंने साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर ठगी की राशि को ट्रेस कर बैंक प्रक्रिया के माध्यम से पीड़ित के खाते में राशि वापस कराई।

साइबर थाना प्रभारी ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अज्ञात लिंक, कॉल या ऑफर पर विश्वास न करें और संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की सूचना तुरंत www.cybercrime.gov.in या साइबर थाना को दें, ताकि ठगी से बचा जा सके।

# पूर्णिया में विधानसभा चुनाव 2025 : प्रेक्षक ने तैयारियों की समीक्षा बैठक में , प्रवेक्षकों ने जताया संतोष

## पूर्णिया के सातों विधानसभा क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव के लिए नियुक्त हुए प्रेक्षक

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग ने पूर्णिया जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों में सामान्य प्रेक्षकों की नियुक्ति की है। इसका उद्देश्य जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में चुनाव प्रक्रिया का संचालन सुनिश्चित करना है।

**महानंदा सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक** : इसी कड़ी में बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में प्रेक्षक महोदय की अध्यक्षता में महानंदा सभागार में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी कोषांगों के वरिष्ठ पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी और निर्वाचक पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य निर्वाचन कार्यों और कोषांगों के सफल संचालन की क्रियान्वयन समीक्षा करना था।





**चुनाव प्रक्रिया की तैयारी की विस्तृत जानकारी**
जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अंशुल कुमार ( भा प्र से ) ने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया की पूर्व तैयारी और कोषांगों द्वारा किए जा रहे अद्यतन कार्यों की जानकारी दी।
प्रस्तुति में कार्मिक कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, समाग्री कोषांग, वाहन कोषांग, स्वीप कोषांग, PWD कोषांग, विधि-व्यवस्था कोषांग, भेद्यता मानचित्र, VVIP एवं एकल खिड़की व्यवस्था कोषांग, अर्द्धसैनिकों के आवास और MCC कोषांग, निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग, वैलेट पेपर और पोस्टल वैलेट, मीडिया एवं सोशल मीडिया कोषांग, एमसीएमसी सेल वज्रगृह कोषांग, जिला हेल्पलाइन सह नियंत्रण कक्ष/शिकायत निवारण और वोटर हेल्पलाइन कोषांग आदि द्वारा किए जा रहे अद्यतन कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गई।

**द्वितीय रैण्डमाइजेशन और निर्देश** : प्रेक्षक महोदय के समक्ष चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्त कर्मियों का द्वितीय रैण्डमाइजेशन भी संपन्न कराया गया। समीक्षा के दौरान प्रेक्षक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों और आदर्श आचार संहिता का पालन कराएं। साथ ही मतदान केंद्रों पर रोशनी, पानी, शौचालय की साफ-सफाई और दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दें।

**प्रेक्षक महोदय ने व्यक्त किया संतोष** : अद्यतन प्रगति से प्रेक्षक महोदय ने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिला में निर्वाचन की सभी स्तरों पर तैयारियां संतोषजनक हैं।

**चुनावी तैयारियों का संपूर्ण निष्कर्ष** : प्रेक्षक महोदय ने समीक्षा बैठक में कहा कि सभी कोषांगों द्वारा किए जा रहे कार्य और तैयारियों से संतुष्टि है और पूर्णिया जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी की गई हैं।

# अब नहीं लगेगा बुरहान पीर मजार पर उर्स मेला, उर्स कमेटी ने लिया अहम फैसला

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया पूर्व**

पूर्णिया पूर्व प्रखंड अंतर्गत चांदी पंचायत के चांदी बाड़ी गांव स्थित प्रसिद्ध बुरहान पीर मजार पर इस वर्ष से उर्स मेले का आयोजन नहीं किया जाएगा। यह निर्णय बुधवार को आयोजित उर्स कमेटी की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक की अध्यक्षता उर्स कमेटी के अध्यक्ष मो नईमुद्दीन ने की। उन्होंने बताया कि बीते वर्षों में मेले के दौरान अत्यधिक भीड़ के




कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। जगह की कमी के कारण श्रद्धालु सड़क तक फैल जाते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है और सुरक्षा की दृष्टि से भी कठिनाई उत्पन्न होती है।
अध्यक्ष मो नईमुद्दीन ने आगे कहा कि आगामी 27 अक्टूबर को छठ महापर्व भी मनाया जाना है, साथ ही वर्तमान में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता भी लागू है। ऐसे में प्रशासनिक दृष्टि से भी बड़े आयोजन की अनुमति प्राप्त करना कठिन है। संप्रदायिक सौहार्द और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से आसपास के गांवों से जुटे कमेटी के सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से निर्णय लिया कि अब से बुरहान पीर मजार पर उर्स मेले का आयोजन स्थायी रूप से बंद किया जाएगा। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि आम दिनों में श्रद्धालु मजार पर अपनी श्रद्धा अर्पित करने के लिए आ-जा सकते हैं। केवल 27 अक्टूबर को लगने वाला पारंपरिक मेला अब नहीं लगाया जाएगा। इस निर्णय की जानकारी मुफस्सिल थाना अध्यक्ष सुदिन राम को भी औपचारिक रूप से आवेदन देकर दी गई है ताकि उस दिन बड़ी संख्या में भीड़ एकत्रित न हो। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य गुलाम हसन, मो जहीर उद्दीन, मो सईद उद्दीन, मो परवेज आलम, मो मोइनुद्दीन, मौषद आलम, मो शमसुद्दीन समेत कई ग्रामीण उपस्थित रहे और शांति व सौहार्द बनाए रखने के इस निर्णय का समर्थन किया।

# केहाट पुलिस ने स्मैक के साथ तीन लोगों कों किया गिरफ्तार, अग्रिम कार्यवाई शुरू



**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया केहाट थाना की पुलिस ने गश्ती के दौरान एक बड़ी कार्यवाही करते हुए तीन युवकों को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवकों से पुलिस जाँच के दौरान एक मोटरसाइकिल के साथ कुल 08.54 ग्राम स्मैक बरामद किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों में मो0 गोलू (उम्र 25 वर्ष, पिता मो0 शमीम), मो0 आसो अंसारी (उम्र 27 वर्ष, पिता मो0 उसबान अंसारी) और जयप्रकाश ठाकुर (उम्र 28 वर्ष, पिता नृपेंद्र कुमार ठाकुर) शामिल हैं। सभी अभियुक्त हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, वार्ड नं0 14, थाना केहाट के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# काली पूजा पर फुटबॉल मैच का आयोजन, कटिहार टीम बनी विजेता



**न्यूज़ स्केल,बड़हरा कोठी।**

काली पूजा के अवसर पर माँ श्यामा स्पोर्टिंग क्लब भटोत्तर के द्वारा श्यामा स्पोर्टिंग क्लब मैदान में फुटबॉल मैच का भव्य आयोजन किया गया।रोमांचक मुकाबले में कटिहार की टीम ने डीबीडी पूर्णिया की टीम को 1-0 से हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया।कटिहार टीम के जर्सी नंबर 10 खिलाड़ी रविराज के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। उपविजेता टीम डीबीडी पूर्णिया के कप्तान को सेवानिवृत्त शिक्षक श्यामल प्रसाद सिंह द्वारा उपविजेता शील्ड प्रदान की गई, वहीं मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक जितेंद्र नारायण सिंह ने विजेता टीम कटिहार के कप्तान को विजेता शील्ड देकर सम्मानित किया।मुख्य अतिथि श्री सिंह ने अपने संबोधन में दोनों टीमों की खेल भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में टीम भावना और खेल के प्रति रुचि को बढ़ावा देते हैं। साथ ही उन्होंने माँ श्यामा स्पोर्टिंग क्लब के सभी सदस्यों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी।मैदान में मौजूद दर्शकों ने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साहवर्धन किया। पूरा वातावरण काली पूजा के उत्सव और खेल के जोश से सराबोर रहा।

# अमौर में आशा और जीविका दीदियों ने चलाया 'शत-प्रतिशत मतदान' जागरूकता अभियान

**न्यूज़ स्केल अमौर**

अमौर विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आशा, आशा फैसिलिटेटर और जीविका दीदियों ने एक व्यापक 'शत-प्रतिशत मतदान' अभियान चलाया। यह अभियान , जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह-जिला पदाधिकारी



अंशुल कुमार के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियों के तहत आयोजित किया गया। मतदाता जागरूकता अभियान का संचालन मतदान केंद्र संख्या-01, दलमालपुर पंचायत में हुआ। इस दौरान महिला कार्यकर्ताओं ने गांव में बैठकों का आयोजन किया और घर-घर जाकर ग्रामीणों को मतदान के महत्व तथा अपने संवैधानिक अधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।
अभियान का मुख्य उद्देश्य 11 नवंबर 2025 को अमौर विधानसभा क्षेत्र में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करना और ग्रामीण इलाकों में एक सशक्त, सहभागी लोकतंत्र का निर्माण करना रहा।

# अवैध शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार, छापामारी जारी



**न्यूज़ स्केल अमौर**

अमौर थाना की पुलिस के द्वारा अवैध शराब के खिलाफ विशेष छापामारी की गई। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कुल 25.935 लीटर विदेशी शराब जप्त की। अमौर पुलिस ने इस छापामारी में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान चिंटू कुमार (उम्र 25 वर्ष), पिता कैलाश साह, निवासी भवानीपुर, वार्ड नं0 08, थाना अमौर के रूप में हुई है ।अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है और उसके अन्य साथियों की भी गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है। अमौर थाना पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध शराब की बिक्री या सेवन की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस कार्रवाई के माध्यम से क्षेत्र में शराब तस्करी और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# लोक आस्था का महापर्व छठ : विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने छठ घाट की सफाई अभियान शुरू किया

## जलकुंभी हटाने और सड़क किनारे सफाई के साथ सजावट व रोशनी की तैयारी भी

**न्यूज़ स्केल हरदा**

पूर्णिया जिले के हरदा क्षेत्र में लोक आस्था का महापर्व छठ के अवसर पर छठ घाट की सफाई का कार्य जोर-शोर से शुरू कर दिया गया है। नगर प्रखंड स्तरीय विश्व हिंदू परिषद (विहिप) एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सहरा पंचायत के बड़ी बैगना छठ घाट से सफाई अभियान का शुभारंभ किया।



कार्यक्रम में विहिप एवं बजरंग दल के संयोजक किशोर कुमार, प्रखंड प्रमुख सुनील कुमार, रंजन कुमार, संजीव कुमार मंडल, आशीष कुमार, अरुण मंडल, राकेश कुमार सहित दर्जनों सक्रिय कार्यकर्ता शामिल हुए। उन्होंने छठ घाट पोखर से जलकुंभी हटाई और घाट जाने वाली सड़क के दोनों किनारों की सफाई सुनिश्चित की।
प्रमुख सुनील कुमार और किशोर कुमार ने बताया कि क्षेत्र के सभी छठ घाट का निरीक्षण कर उन्हें साफ-सुथरा बनाया जाएगा। इसके अलावा घाटों पर सजावट, रोशनी और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की भी तैयारी की जा रही है, ताकि श्रद्धालु सुगमता से पूजा-अर्चना कर सकें।

# गुलाबबाग में विदेशी शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**न्यूज स्केल पूर्णिया**

गुलाबबाग टीओपी (सदर थाना) की टीम ने सूचना के आधार पर विशेष छापेमारी कर दो चार चक्का वाहन सहित कुल 28.590 लीटर विदेशी शराब जप्त की। इस कार्रवाई में एक अभियुक्त आदित्य गोस्वामी (25 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति पिता ब्रह्मदेव गोस्वामी, निवासी सा0 हांसदा शिव मंदिर चौक, गुलाबबाग, थाना सदर, जिला पूर्णिया है।
थाना पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं, अन्य शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए भी लगातार छापेमारी जारी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध शराब की जानकारी मिलने पर तुरंत संबंधित थाने को सूचित करें, ताकि ऐसी अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके।

# भवानीपुर पुलिस ने 100.5 लीटर विदेशी शराब के साथ एक आरोपी कों किया गिरफ्तार

**न्यूज़ स्केल भवानीपुर**

भवानीपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 100.500 लीटर विदेशी शराब और एक मोबाइल फोन के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी राजेंद्र चौधरी, उम्र 28 वर्ष, पिता तेंतर चौधरी, निवासी गेरबाड़ी, वार्ड नं0 17, थाना कोढ़ा, जिला कटिहार है। पुलिस ने बताया कि राजेंद्र के पास से जब्त की गई शराब अवैध रूप से रखी जा रही थी और इसके



माध्यम से तस्करी की जा रही थी। भवानीपुर थाना के प्रभारी ने बताया कि अन्य संदिग्धों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने के लिए छापामारी जारी है। मामले की जांच के दौरान पुलिस यह पता लगाने में लगी है कि इस अवैध शराब की सप्लाई किन-किन स्थानों पर की जा रही थी। उन्होंने जनता से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध शराब तस्करी की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस की यह कार्रवाई जिले में शराब तस्करी रोकने और कानून के पालन को सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# कसबा थाना पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**न्यूज़ स्केल कसबा**

कसबा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चोरी की गई मोटरसाइकिल के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में मो॰ सगरूल, उम्र 28 वर्ष, पिता मो॰ जुमराती, निवासी सिसिया महिनाथपुर, थाना कोढ़ा, जिला कटिहार और नवीन उर्फ नवी, उम्र 19 वर्ष, पिता मो॰ सबीर, निवासी फतेहपुर, वार्ड नं॰ 06, थाना कसबा, जिला पूर्णिया शामिल हैं।
पुलिस ने बताया कि उक्त



गिरफ्तारी एक गुप्त सूचना के आधार पर की गई। आरोपियों के कब्जे
से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। दोनों अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है और उनकी अग्रिम कार्रवाई जारी है।
कसबा थाना पुलिस ने जनता से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या चोरी की संपत्ति की जानकारी तुरंत थाना या नजदीकी पुलिस चौकी को दें, ताकि अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# महापर्व छठ को लेकर डीएम एसपी ने अधिकारियों के साथ विभिन्न घाटों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**अररिया** (हि.स.)। लोक आस्था और सूर्योपासना के महापर्व छठ की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। डीएम अनिल कुमार और एसपी अंजनी कुमार ने शहर के प्रमुख घाटों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासन का उद्देश्य छठव्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी से बचाना और उन्हें सुविधाजनक माहौल प्रदान करना है।



**निरीक्षण** : डीएम और पुलिस अधिकारी शहर के विभिन्न घाटों का निरीक्षण कर छठव्रतियों की सुविधा सुनिश्चित करने में लगे।

**घाटों पर सुविधाओं का विशेष** त्रिशूलिया घाट, परमान नदी के किनारे और नहर जैसे प्रमुख स्थानों का जायजा लिया गया। जिला प्रशासन ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को त्वरित सफाई और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि सभी घाटों पर साफ-सफाई, रोशनी और सुरक्षित मार्ग का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

**सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया** : छठ पर्व के दौरान घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रशासन ने कई कदम उठाए हैं। खतरनाक घाटों की पहचान कर वहां सुरक्षा के अतिरिक्त उपाय किए जा रहे हैं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक घाट पर मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी और बलों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा गोताखोर और एसडीआरएफ टीम की तैनाती भी की जाएगी ताकि किसी आकस्मिक स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।

**छठव्रतियों के लिए विशेष प्रबंध** : छठव्रतियों के घाट तक आसानी से पहुंचने और सुविधा का पूरा ध्यान रखने के लिए प्रशासन ने चेंजिंग रूम जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। डीएम अनिल कुमार ने बताया कि घाटों तक आने-जाने में छठव्रतियों को किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए अधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि लोक आस्था के इस महापर्व में श्रद्धालु सुरक्षित और सुगम अनुभव प्राप्त करें।

**01 : नगर परिषद को त्वरित सफाई और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।**

**02 : खतरनाक घाटों पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए मजिस्ट्रेट, पुलिस और बलों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।**

**03 : गोताखोर और एसडीआरएफ टीम की तैनाती सुनिश्चित की गई है।**

**04 : छठव्रतियों के लिए चेंजिंग रूम और सुरक्षित मार्ग जैसी सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है।**

## जिला प्रशासन ने शिक्षक ओमप्रकाश यादव को राजनीतिक गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप में किया निलंबित

**अररिया** (हि.स.)। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन और विभागीय नियमों के प्रतिकूल कार्य करने के आरोप में अररिया जिले के शिक्षक ओमप्रकाश यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।




यादव, जो मध्य विद्यालय (म वि) खाब्दह डुमरिया, नरपतगंज में विशिष्ट शिक्षक के पद पर कार्यरत थे, पर राजनीतिक दल के नेताओं के साथ अपनी तस्वीरें फेसबुक अकाउंट पर साझा करने, राजनीतिक दल के पक्ष में प्रचार-प्रसार करने और उनके समर्थन में टिप्पणियां करने का आरोप है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), अररिया द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि शिक्षक का यह कृत्य आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लंघन है और यह शिक्षक आचरण एवं विभागीय नियम के पूर्णतः प्रतिकूल है। यह कार्रवाई बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमवाली 2005 की सुसंगत धाराओं के अधीन की गई है। निलंबन के साथ ही उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। निलंबन अवधि के दौरान ओमप्रकाश यादव का मुख्यालय प्रखंड संसाधन केन्द्र, कुर्साकांटा निर्धारित किया गया है। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। आरोप पत्र 'प्रपत्र क' अलग से जारी किया जाएगा। यह कदम सरकारी सेवकों के लिए निर्धारित आचार संहिता के पालन को सुनिश्चित करने की दिशा में एक कड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।

## ट्रक चालकों से अवैध वसूली करते सिपाही का वीडियो वायरल,उठ रहा सवाल

**अररिया** (हि.स.)। फारबिसगंज सुभाष चौक रेलवे गुमटी के पास यातयात व्यवस्था सुचारू करने और जाम से मुक्ति दिलाने को लेकर फारबिसगंज थाना की ओर से पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है।



प्रतिनियुक्त किए गए सिपाहियों में एक सिपाही का ट्रक चालकों से अवैध वसूली का वीडियो काफी तेजी के साथ वायरल हो रहा है।जिसमें ऑन ड्यूटी तैनात सिपाही बेफिक्र होकर अपनी हथेली पर खैनी रगड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं और ट्रक चालकों से पैसे की वसूली कर रहे हैं।

ट्रकों को रोककर उनसे सुभाष चौक स्थित एक पान के दुकान के काउंटर पर पैसे रखवाता है और फिर वहां पचास पचास रूपये के दो नोट को आकर सिपाही नजर बचाते हुए उसे उठाकर अपने जेब में रख लेते हैं।उसके बाद वीडियो बनाने वाला शख्स सामने आता है और सीधा सिपाही से पैसे लेने का कारण जानना चाहता है।जिस पर वह सिपाही वीडियो बनाने वाले और ट्रक चालक का वीडियो बनाने लगता है। जबकि वीडियो बनाने वाला शख्स बार बार पैसे लेने की बात करते हुए उनका भी वीडियो सिपाही को बना लेने को कहता है।

हालांकि सिपाही और वह युवक ट्रक चालक से पैसे को लेकर सवाल पूछता है तो वह सकपका जाता है और पहले तो पैसे नहीं देने की बात करता है।लेकिन बाद में दुकानदार का बकाया पैसा देने की बात करता है। जबकि वीडियो में स्पष्ट रूप से काउंटर पर पैसे छोड़ने पर सिपाही उस पैसे को उठाकर अपनी जेब में रख लेता है।युवक अंतिम में आमजनों की सुरक्षा की तैनाती को पैसों की वसूली करने में तल्लीन सिपाही की कारगुज़ारी को लेकर सवाल करता है।

## घुरना के डुमरबन्ना में तस्करी का 196 बोतल नेपाली शराब जब्त



**अररिया** (हि.स.)। एसएसबी 56 वीं वाहिनी बथनाहा की बाह्य सीमा चौकी जी समवाय घुरना की एसएसबी की विशेष गश्ती टीम ने नेपाल से तस्करी कर ले गए 196 बोतल नेपाली शराब को जब्त किया।एसएसबी ने यह कार्रवाई कार्य क्षेत्र के डुमरबन्ना वार्ड संख्या 6 में भारत नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 194/2 के नजदीक भारतीय परिक्षेत्र में भारतीय सीमा से 30 मीटर की दूरी पर की। हालांकि एसएसबी की गश्ती को देखते हुए तस्कर मोटरसाइकिल छोड़कर फरार हो गया।जिसे एसएसबी ने जब्त किया।आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद एसएसबी ने जब्त शराब और मोटरसाइकिल को आबकारी विभाग के सुपुर्द कर दिया गया।

## प्रत्याशी घोड़े पर सवार होकर पहुंच रहे नामांकन कराने, पशुपालकों की बढ़ी कमाई

**भागलपुर,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव का रंग इस बार कुछ अलग ही नजर आ रहा है। चुनावी माहौल में उम्मीदवार अपने नामांकन को यादगार बनाने के लिए अनोखा अंदाज अपना रहे हैं। भागलपुर विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों नामांकन जुलूस किसी शादी की बारात से कम नहीं दिख रही है। ढोल-नगाड़े, बैंड-बाजा और समर्थकों की भीड़ के बीच प्रत्याशी घोड़े पर सवार होकर नामांकन दाखिल करने पहुंच रहे हैं। आमतौर पर घोड़े की बुकिंग शादी-विवाह के लिए होती है। लेकिन अब चुनावी मौसम में ये घोड़े नेताओं के प्रचार का हिस्सा बन गए हैं। प्रत्याशी इसे अपनी शक्ति प्रदर्शन का प्रतीक मान रहे हैं और जनता के बीच अपनी लोकप्रियता दिखाने का तरीका भी। वहीं घोड़े पालने वाले पशुपालकों की किस्मत इन दिनों चमक उठी है। एक पशुपालक ने बताया कि आम तौर पर हमारा धंधा छह महीने ही चलता है। लेकिन अब चुनाव के सीजन में बुकिंग इतनी बढ़ गई है कि घोड़े फुल टाइम मैदान में हैं। भागलपुर की सड़कों पर इन दिनों सिर्फ चुनावी नारे नहीं बल्कि घोड़ों की टापों की गूंज भी सुनाई दे रही है। लोकतंत्र के इस पर्व में जहां प्रत्याशी वोटरों को रिझाने में लगे हैं, वहीं पशुपालक कह रहे हैं इस बार तो चुनाव ने हमारी रोज़ी-रोटी में भी जान डाल दी है।

## भागलपुर के सातों विधानसभा में 102 प्रत्याशियों ने कराया नामांकन, 17 का पर्चा रद्द

**भागलपुर,** (हि.स.)। बिहार के भागलपुर जिले में विधानसभा चुनाव का अब असर दिखने लगा है। विभिन्न राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों ने जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। जिले के सातों विधानसभा में कुल 102 उम्मीदवारों ने नाम निर्देशन पत्र भरे थे, लेकिन चुनावी कसौटी पर 17 दावेदारों के पर्चे गलतियों के कारण खारिज कर दिए गए। फिलहाल 85 उम्मीदवार मैदान में डटे हुए हैं। 152 बिहपुर : 12 उम्मीदवारों ने




भरा नामांकन, 2 का नामांकन रद्द, मैदान में बचे 10
153, गोपालपुर : 11 उम्मीदवार मैदान में
154 पीरपैंती ( आरक्षित सीट): 12 उम्मीदवारों में से 1 का पर्चा रद्द, 11 मैदान में
155 कहलगांव : 16 उम्मीदवारों ने कराया नामांकन, 3 का पर्चा रद्द, 13 प्रत्याशी मैदान में
156 भागलपुर : 14 प्रत्याशियों ने कराया नामांकन, 2 का पर्चा रद्द, 12 प्रत्याशी मैदान में157 सुल्तानगंज : 16 प्रत्याशियों ने कराया नामांकन, 3 का पर्चा रद्द, 13 प्रत्याशी मैदान में
158 नाथनगर : 21 प्रत्याशियों ने कराया नामांकन, 6 का पर्चा रद्द, 15 प्रत्याशी मैदान में

## आपदा मित्रों ने बचाई गंगा में डूब रहे युवक की जान

**भागलपुर,** (हि.स.)। जिले के जोगसर थाना क्षेत्र अंतर्गत शंकरपुर गंगा घाट पर बुधवार को गंगा नदी में नहाने के दौरान डूब रहे युवक की जान आपदा मित्रों ने बचाई। युवक की पहचान हर्ष चौधरी के रूप में हुई है। वह ततारपुर स्थित लाल कोठी इलाके का रहने वाला है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हर्ष बुढ़ानाथ मंदिर के पास स्थित शंकरपुर घाट पर स्नान कर रहा था।क्षतभी वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। मौके पर मौजूद आपदा मित्र मोहम्मद मुस्तकीम और बंटी ने तुरंत स्थिति की गंभीरता को



समझा और बिना समय गंवाए गंगा में छलांग लगा दी। दोनों ने मिलकर हर्ष को बाहर निकाला और उसकी जान बचाई। घटना के बाद घाट पर अफरा-तफरी मच गई थी लेकिन आपदा मित्रों की तत्परता से एक बड़ी दुर्घटना टल गई। लोगों ने दोनों आपदा मित्रों की जमकर सराहना की।गौरतलब है कि आपदा मित्र योजना के तहत प्रशिक्षित युवकों की तैनाती ऐसे संवेदनशील घाटों पर की जाती है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में त्वरित राहत उपलब्ध कराई जा सके।

## आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को ले पुलिस ने जब्त की 99,900 रुपये



**कटिहार,** (हि.स.)।
बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता के अनुपालन और विधि-व्यवस्था संधारण हेतु पुलिस अधीक्षक, कटिहार के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में निरंतर सघन वाहन जाँच की जा रही है। इसी क्रम में कोलासी कैम्प (कोढ़ा थाना) क्षेत्र में फ्लाइंग स्क्वाड टीम के द्वारा 99,900 रुपये नगद राशि बरामद की गई।

बरामद राशि के संबंध में जब पकडे गए सम्बंधित व्यक्ति से वैध कागजात व प्रमाण प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया, तो वे ना तो कोई दस्तावेज दिखा सके और ना ही कोई संतोषजनक उत्तर दे पाए। तत्पश्चात् बरामद नगद राशि को विधिसम्मत प्रक्रिया के अंतर्गत जब्ती सूची बनाकर जब्त किया गया।

पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को रोकने और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है। कटिहार पुलिस द्वारा यह अभियान आगे भी जारी रखा जाएगा।

## लोक आस्था का महापर्व छठ पूजन सामग्री की सजने लगी बाजार

**कटिहार,** (हि.स.)।
दीपावली संपन्न होते ही लोक आस्था का महापर्व छठ की तैयारी में लोग जुट गए हैं। शहर से लेकर कसबों तक पर्व को लेकर छठ का बाजार भी सजने लगा है। बाजार में सूप, डाला व अन्य पूजन सामग्री की खरीदारी के लिए व्रतियों की भीड़ उमड़ रही है।



जिला प्रशासन व समाज सेवी संगठन छठ घाटों की सफाई में जुट गई है। शहरी क्षेत्र में 35 बड़े छठ घाट हैं, जिनमें मुख्यरूप से कारी कोसी घाट, बालू घाट, बैगना नहर, विजय बाबु पोखर और बीएमपी पोखर शामिल हैं।

नगर निगम द्वारा छठ व्रतियों के लिए 175 कृत्रिम छठ घाटों का निर्माण विभिन्न स्थानों पर कराया जा रहा है। इसमें संबंधित इलाके के युवाओं और संस्थाओं की मदद भी ली जा रही है। छठ घाटों की साफ-सफाई और तैयारी का काम जोरों पर है।

ओटी पाड़ा, ललियाही सहित अन्य स्थानों पर कृत्रिम छठ घाट बनाया जाता है। महापर्व छठ के लोकगीतों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो रहा है। नगर निगम के सहायक अभियंता अमर झा ने बताया कि निगम के स्तर से कृत्रिम घाटों का निर्माण कराया जा रहा है। मुख्य घाटों से जिन स्थानों की दूरी अधिक है, वहां की व्रतियों की सुविधा के लिए कृत्रिम घाट बनाए जाते हैं।

महापर्व छठ को लेकर प्रशासनिक स्तर से भी सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है। बाजारों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। छठ घी के रास्तों पर भी संध्या कालीन और सुबह के अर्घ्य को लेकर किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती रहेगी।

छठ घाटों पर सुरक्षा के इंतजाम भी किए गए हैं। कारी कोसी घाट, बालू घाट पर गहरे पानी में जाने से श्रद्धालुओं को रोकने के लिए बैरिकेडिंग की जाएगी।



साथ ही विजय बाबु पोखर पर भी सुरक्षा को लेकर आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं। मुख्य घाटों पर गोताखोर की भी तैनाती की जाएगी।

## कटिहार में स्मैक तस्कर गिरफ्तार, 74.50 ग्राम स्मैक बरामद



**कटिहार,** (हि.स.)। कटिहार जिला के नगर थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 74.50 ग्राम स्मैक, 03 मोबाईल और एक डिजिटल तराजू के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम संतोष कुमार मिश्रा है, जो द्वाशय, थाना डंडखोरा जिला कटिहार का निवासी है।

नगर थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम नया टोला में एक व्यक्ति मादक पदार्थ की तस्करी कर रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष अपने पुलिस बल के साथ ग्राम नया टोला पहुंचकर छापामारी की। इस दौरान एक व्यक्ति पुलिस बल को देखकर भागने लगा, जिसे पुलिस बल ने पकड़ लिया।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी की जा रही है। यह कार्रवाई जिला प्रशासन द्वारा मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। जिला प्रशासन द्वारा मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# डीएम ने निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाए रखने को लेकर विभिन्न निर्वाचन कोषांगों के साथ की समीक्षा बैठक,

## जिलाधिकारी सुपौल की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई

**न्यूज स्केल सुपौल**

आसन्न बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी श जिला निर्वाचन पदाधिकारी सावन कुमार ने बुधवार को विभिन्न निर्वाचन कोषांगों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाए रखना था।





बैठक में जिलाधिकारी ने प्रत्येक कोषांग से चुनाव तैयारियों की स्थिति की जानकारी ली और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं ताकि मतदाता सहज और सुरक्षित रूप से अपने मत का प्रयोग कर सकें।

डीएम ने अधिकारियों को निर्वाचन सामग्री की समय पर उपलब्धता, मतदान केंद्रों की सुरक्षा, वीवीपैट और ईवीएम की तैयारी तथा आवश्यक कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें।इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने निर्वाचन कोषांगों में चल रही तैयारियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की और जिलाधिकारी द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुपालन की पुष्टि की।

जिलाधिकारी ने अंत में जोर देकर कहा कि चुनाव स्वच्छ, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराया जाए और किसी भी प्रकार की समस्या या बाधा नहीं आने पाए।

## चुनाव के मध्य नजर व्यय कोषांग के तहत गठित विभिन्न टीमों के कार्यो का निरीक्षण

**न्यूज स्केल सुपौल**

विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल, स्वच्छ और शांतिपूर्ण संचालन को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने जिला व्यय अनुश्रवण कोषांग का निरीक्षण किया। इसका उद्देश्य राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा चुनाव प्रचार में धन और बल के दुरुपयोग पर अंकुश लगाना और निर्वाचन अभियान के दौरान उनके खर्च की निगरानी करना है।

जिला प्रशासन ने यह निरीक्षण भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम भाग "बी" के खंड 1 से 9 के आलोक में किया। कोषांग के नोडल अधिकारी संजय कुमार, राज्य कर संयुक्त आयुक्त हैं, जिनका मोबाइल नंबर 8544401277 है।

निरीक्षण के दौरान विभिन्न टीमों के कार्यों का अवलोकन किया गया, जिनमें शामिल हैं:

**सहायक व्यय पर्यवेक्षक** – 05

**लेखा टीम** – 05

**क्षेत्रीय निगरानी टीम** (FST) – 15

**उप-क्षेत्रीय निगरानी टीम** (SST) – 16×3=48

**वार्ड निगरानी टीम** (VST) – 12

**मतदान निगरानी टीम** (VVT) – 05

**कॉल केन्द्र** – 01

**सभी टीमों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा चुका है।**

## मांगो को लेकर टोल प्लाजा के एंबुलेंस कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

**न्यूज स्केल राघोपुर**

राघोपुर नेशनल हाईवे पर तैनात एंबुलेंस कर्मियों ने मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताल का मुख्य कारण वेतन में कई महीनों की देरी और कर्मचारियों को मूलभूत सुविधाओं जैसे सुरक्षा उपकरण, उचित कार्य समय, स्वास्थ्य बीमा और ओवरटाइम का भुगतान न मिलना बताया गया है। कर्मियों ने कहा कि बार-बार लिखित और मौखिक शिकायत के बावजूद टोल प्रबंधन और संबंधित एजेंसी ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उनका कहना है कि लगातार बिना वेतन काम करना असंभव हो गया है।




**सड़कों पर आपात सेवाएं बाधित:** : हड़ताल के कारण मुजफ्फरपुर, झंझारपुर, आसनपुर कुपहा, अररिया, सुपौल और अन्य टोल प्लाजाओं पर एंबुलेंस सेवाएं पूरी तरह ठप हो गई हैं। सड़क दुर्घटना या अन्य आपात स्थितियों में घायल लोगों को तुरंत अस्पताल पहुंचाना मुश्किल हो गया है। कई जगहों पर लोग निजी वाहनों का सहारा लेने को मजबूर हुए। इससे आम जनता की परेशानी बढ़ गई है और हाईवे पर सुरक्षा व यातायात व्यवस्था पर भी असर पड़ा है।

**प्रशासनिक प्रयास और समाधान की उम्मीद:** : स्थानीय प्रशासन और टोल प्रबंधन हड़ताल समाप्त कराने के लिए वार्ता कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि एंबुलेंस जैसी आवश्यक सेवाओं का रुकना जनहित में नहीं है और जल्द समाधान जरूरी है। कर्मियों ने चेतावनी दी है कि उनकी मांगें पूरी होने तक वे सेवा पर लौटेंगे नहीं। आम जनता उम्मीद लगाए बैठी है कि जल्द बातचीत के माध्यम से हाईवे पर एंबुलेंस सेवा फिर से सुचारु हो सके।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

**न्यूज स्केल सुपौल**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025, जिसकी मतदान तिथि 11 नवम्बर निर्धारित है, को लेकर सुपौल जिले में व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार, 22 अक्टूबर को जिले के विभिन्न प्रखंडों में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैलियों का आयोजन किया गया। इन रैलियों का उद्देश्य मतदाताओं को 11 नवम्बर को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित करना और चुनावी प्रक्रिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।





**मरौना प्रखंड में रैली** मरौना प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत कमरैल में रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, स्वच्छता कर्मी, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, महिला पर्यवेक्षिका, स्वच्छता पर्यवेक्षक और प्रखंड समन्वयक सहित अनेक कर्मियों ने भाग लिया। रैली के दौरान मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया, मतदान का महत्व और शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

**प्रतापगंज प्रखंड में मतदाता सहभागिता** : प्रतापगंज प्रखंड परिसर से निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली में महिला पर्यवेक्षिका, प्रखंड समन्वयक, सेविका-सहायिका, एएनएम, आशा कार्यकर्ता और जीविका दीदियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। रैली में सेविकाओं द्वारा मतदान तिथि 11 नवम्बर की आकृति बनाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने सभी उपस्थितों को निष्पक्ष और शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ भी दिलाई।

**किशनपुर प्रखंड में व्यापक अभियान** : किशनपुर प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में एलएसबीए टीम, स्वच्छता पर्यवेक्षक और प्रखंड समन्वयक ने रैली निकाली। नौवाबखार के हांसा ग्राम के आदिवासी टोला में बीडीओ किशनपुर, बीपीएम जीविका, पंचायत स्तरीय कर्मियों और स्थानीय टीम की उपस्थिति में रैली, बैठक और शपथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री और महिला पर्यवेक्षिका द्वारा स्थानीय मतदाताओं के सहयोग से जनजागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान मतदाताओं को मतदान करने और छठ घाटों की सफाई में सहयोग करने हेतु प्रेरित किया गया।



## भीमपुर थाना क्षेत्र में 324 लीटर नेपाली शराब जब्त



**न्यूज स्केल सुपौल**

बिहार विधान सभा आम निर्वाचन-2025 के निमित जिलान्तर्गत नशा के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान कम में भीमपुर थाना क्षेत्र से 324 लीटर नेपाली देशी शराब बरामद किया गया।

बिहार विधान सभा चुनाव-2025 को शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक सरथ आर एस के निर्देश पर जिलान्तर्गत नशा के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के कम में आसूचना के आधार पर थानाध्यक्ष भीमपुर थाना एवं उनके टीम के द्वारा 1080 बोतल कुल 324 लीटर नेपाली देशी शराब बरामद किया गया।

इस संदर्भ में भीमपुर थाना में कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## परंपरागत तरीके से मनाया गया गोवर्धन पर्व




**न्यूज स्केल सुपौल**

जिले में पशुपालकों ने हर्षोल्लास और परम्परागत तरीके से बुधवार 22 अक्टूबर को मनाया गया। आचार्य धर्मेन्द्र नाथ मिश्र ने बताया कि अमृत योग एवं सिद्ध योग में गोवर्धन महोत्सव मनाया गया। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष प्रतिपदा को मनाई जाती है गोवर्धन महोत्सव। इसी दिन भगवान श्री कृष्ण ने अपने पिताजी को इंद्र यज्ञ नहीं करने की सलाह और उपदेश दिया था।

भगवान श्री कृष्ण के द्वारा अपने पिता एवं समस्त गोप बृंद के साथ इंद्र यज्ञ को त्याग कर गोवर्धन पर्वत की पूजा करवाए थे। गोवर्धन पूजा के साथ साथ सभी गौमाता की भी पूजा अनेक प्रकार के सजावट करके करवाया गया था। भगवान के द्वारा यह गोवर्धन महोत्सव अत्यधिक भक्ति भाव से पूर्ण किया जाता है। इनके पूजन से समस्त प्रकार के मनोवांछित फल प्राप्त होते हैं।

गोवर्धन पूजा का शुभ मुहूर्त 10 बजकर 36 मिनट से 12 बजे तक एवं 1 बजकर 26 मिनट से संध्या काल तक अति शुभ समय में मनाया गया।

## भाई बहन का स्नेह का पर्व है भ्रातृ द्वितीया आज भ्रातृद्वितीया 23 अक्टूबर गुरुवार को होगा: आचार्य धर्मेंद्र

**न्यूज स्केल सुपौल**

भैयादूज और चित्रगुप्त पूजा एक ही दिन हो रहा है। आचार्य धर्मेन्द्र नाथ मिश्र ने बताया कि भाई को अपने बहन से न्योत लेने का शुभ मुहूर्त प्रातः काल 6 बजकर 23 मिनट से दोपहर के 2 बजकर 50 मिनट तक अति शुभ समय है। यह भैयादूज संपूर्ण भारत में अत्यधिक हर्ष के साथ मनाया जाता है ।कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व भाई बहन के अद्वितीय प्रेम का यह पर्व है। परंपरा और पुराणों के अनुसार इस दिन यम की बहन ने अपने भाई यम को अपने घर पर भोजन का निमंत्रण दिया था ।उस निमंत्रण को पाकर यम भावुक हो गए एवं यमी ने अपने भाई यम से वर मांगा की जो बहन इस दिन अपने भाई को तिलक लगाकर भोजन कराएगी उनकी सभी प्रकार से रक्षा होगी। इसीलिए इस तिथि को यम द्वितीया भी कहा जाता है। इस दिन प्रत्येक भाई को अपने बहन के घर ही भोजन करना चाहिए ,तथा जो बहन अपने भाई को इस दिन भोजन उपरांत अपने भाई को तांबूल पान खिलाती है उसका सौभाग्य अखंडित रहता है एवं भाई को भी यमलोक का भय नहीं रहता।



## छठ पूजा को लेकर प्रखंड प्रशासन सतर्क, छठ घाटों का किया निरीक्षण

**न्यूज स्केल पिपरा**

प्रखंड क्षेत्र विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाली छठ पूजा को लेकर पिपरा प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। बुधवार को बीडीओ अमरेंद्र पंडित, सीओ उमा कुमारी,थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा ने बेलही धुजाधारी पोखर , पिपरा तिलावे नदी छठ घाट, थूमहा तिलावे नदी ,समेत अन्य प्रमुख घाटों का निरीक्षण किया।



सीओ उमा कुमारी ने थूमहा तिलावे नदी घाट और पिपरा के तिलावे नदी घाट पर वेरिकेटिंग , साफ-सफाई को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इसके बाद बुलंदी पोखर छठ घाट का निरीक्षण करते हुए बीडीओ ने विशेष साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव का निर्देश दिया। उन्होंने महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा। प्रशासन की इस पहल छठ व्रतियों ने सराहना की है और पर्व को लेकर तैयारियां तेज़ हो गई हैं।

## आचार संहिता कोषांग का हो रहा है अनुपालन

**न्यूज स्केल सुपौल**

बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के लिए लागू आदर्श आचार संहिता के दौरान हेलीपैड स्थल एवं हेलीकॉप्टर उतारने की अनुमति के लिए जिला स्तर पर एकल खिड़की कोषांग स्थापित किया गया है। इस कोषांग में 17.10.2025 तक हेलीपैड स्थल एवं हेलीकॉप्टर उतारने के लिए दो आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस कोषांग द्वारा 16.10.2025 को वीरपुर हवाई अड्डा पर भारतीय जनता पार्टी के एक हेलीकॉप्टर उतारने की अनुमति दी गई थी। 18.10.2025 को अनुप लाल यादव, महाविद्यालय, त्रिवेणीगंज के मैदान पर भारतीय जनता पार्टी के एक हेलीकॉप्टर उतारने की अनुमति दी गई है। इस तरह इस कोषांग द्वारा अब तक दो हेलीकॉप्टर उतारने की अनुमति दी गई है।

सुपौल जिले के विभिन्न विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में स्थापित सिंगल विन्डो सिस्टम द्वारा अब तक सभा, रैली, वाहन उपयोग, चुनाव कार्यालय एवं लाउडस्पीकर के उपयोग से संबंधित क्रमशः 13, 02, 16, 0 एवं 06 अनुमति निर्गत किए गए हैं। सभा के लिए कुल 13 अनुमतियों में से निर्मली द्वारा 3, सुपौल द्वारा 7, त्रिवेणीगंज द्वारा 2 एवं छातापुर द्वारा 01 अनुमति जारी किया गया है। रैली के लिए 1 अनुमति छातापुर एवं 1 अनुमति निर्मली द्वारा जारी किया गया है। वाहन उपयोग के लिए कुल 16 अनुमतियों में से निर्मली द्वारा 4, सुपौल द्वारा 6, त्रिवेणीगंज द्वारा 4 एवं छातापुर द्वारा 2 अनुमति जारी किया गया है। चुनाव कार्यालय द्वारा सुपौल जिले के किसी भी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में अनुमति जारी किए जाने की सूचना प्राप्त नहीं है। लाउडस्पीकर से संबंधित 6 अनुमतियों में से 1 निर्मली द्वारा, 3 सुपौल द्वारा, 1 त्रिवेणीगंज द्वारा एवं 1 छातापुर द्वारा अनुमति जारी किया गया है।

# भय मुक्त वातावरण में चुनाव कराने को लेकर जिला प्रशासन संकल्पित

## 5512 व्यक्तियों को अबतक किया गया है बंध पत्र समर्पित

**न्यूज़ स्केल मरौना**

---------------------

बिहार विधानसभा निर्वाचन 2025 को लेकर सुपौल जिले में मतदान को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भयमुक्त कराने के उद्देश्य से जिले में व्यापक सुरक्षा और कानून-व्यवस्था व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। जिला स्तर पर गठित विधि-व्यवस्था कोषांग ने चुनावी सुरक्षा को प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

**आर्म्स जमा करने और बंध पत्र समर्पण :** जिलांतर्गत कुल 557 आर्म्स अनुज्ञप्तिधारी हैं, जिनमें से 22 अक्टूबर तक 164 आर्म्स अनुज्ञप्तिधारियों ने अपने हथियार जमा किए। इसी अवधि में कुल 5512 व्यक्तियों द्वारा बंध पत्र समर्पित किए गए, जिनमें से 22 अक्टूबर को 479 व्यक्तियों ने बंध पत्र जमा किया। यह प्रक्रिया चुनावी सुरक्षा और अवैध हथियार नियंत्रण के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

**अजमानतीय वारंट और अपराधियों पर कार्रवाई** : चुनाव घोषणा की तिथि से अब तक 298 अजमानतीय वारंट (NBW) प्राप्त हुए, जिनमें से 151 वारंटों को तामिल कराया गया। इसके अतिरिक्त, बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम, 2024 की धारा-3 के तहत कुल 135 व्यक्तियों के विरुद्ध निरूद्धादेश जारी किया गया, जिनमें एक अपराधी को जिला बदर (मधेपुरा) किया गया

**अंतर-जिला और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चेक पोस्ट** :जिले में अवांछित व्यक्तियों, मादक पदार्थों, अवैध राशि और अवैध अस्त्र-शस्त्र की रोकथाम हेतु अंतर-जिला सीमा पर 14 और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 12 चेक पोस्ट बनाए गए हैं। चुनाव के दौरान FST-15, SST-16 और QRT-05 विभिन्न स्थलों पर सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। अब तक 22 अक्टूबर तक कुल 6 अवैध शस्त्र और 105 गोली (Cartridges) जब्त किए गए हैं, जिसमें 22 अक्टूबर को एक अवैध शस्त्र जब्त किया गया।

**संवेदनशील बूथ और BNSS कार्रवाई** : जिलांतर्गत 195 Vulnerable बूथों पर चुनाव के दौरान गड़बड़ी रोकने के लिए 602 व्यक्तियों के विरुद्ध BNSS की धारा-126 with 135 (3) के तहत कार्रवाई की गई। इससे सुनिश्चित हुआ कि संवेदनशील बूथों पर भी शांतिपूर्ण मतदान हो।

# विधानसभा चुनाव को लेकर एसपी शरथ आर.एस. ने किया चेक पोस्टों का निरीक्षण





**न्यूज़ स्केल सुपौल।**

---------------------

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन–2025 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त माहौल में संपन्न कराने की दिशा में प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लेने हेतु पुलिस अधीक्षक शरथ आर.एस. ने मंगलवार को जिले के विभिन्न चेक पोस्टों का निरीक्षण किया।

इस क्रम में एसपी ने सिमराही–वीरपुर मार्ग पर अवस्थित एस.एस.टी. पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को उन्होंने आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए कहा कि जिले की सीमाओं पर चौकसी और सघन वाहन जांच अभियान लगातार जारी रहना चाहिए।

एसपी ने स्पष्ट किया कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, शराब या धन के परिवहन पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जाए। उन्होंने कहा कि जिले की सीमा पर जांच की कार्रवाई 24×7 घंटे निरंतर जारी रहेगी ताकि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सके।

# मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से ग्रामीणों को मतदान के प्रति किया गया जागरूक

**न्यूज़ स्केल मरौना**

---------------------




प्रखंड के ग्राम पंचायत कमरैल में मंगलवार को मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रखंड विकास पदाधिकारी रचना भारतीय एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (CDPO) आरती कुमारी के संयुक्त नेतृत्व में संपन्न हुआ। रैली का उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर ग्रामीणों में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाना था, ताकि अधिक से अधिक लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। रैली में स्वच्छता कर्मी, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, महिला पर्यवेक्षिका, स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं प्रखंड समन्वयक सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने हाथों में तख्तियां लेकर "पहले मतदान, फिर जलपान", "मतदान हमारा अधिकार है", "लोकतंत्र की पहचान–निर्भीक होकर करें मतदान" जैसे नारों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित किया।

इस अवसर पर बीडीओ रचना भारतीय ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हर मतदाता का योगदान जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भय, लालच और भेदभाव से ऊपर उठकर अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। वहीं CDPO आरती कुमारी ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी मतदान में विशेष रूप से आवश्यक है, क्योंकि उनके मत से समाज में सशक्त बदलाव संभव है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने शपथ ली कि वे स्वयं मतदान करेंगे और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। इस रैली से पूरे क्षेत्र में मतदान के प्रति जागरूकता का माहौल देखा गया।

# छठ को लेकर घाटों पर तैयारियां की जाने लगी है

**न्यूज़ स्केल प्रतापगंज**

---------------------





सौहार्द पूर्ण वतावरण में दीपावली के सम्पन्न होते हीं बिहार का मुख्य और लोक आस्था का महापर्व छठ पर्व की तैयारियां शुरू कर दी गई है। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतो में छठ पर्व की तैयारियां होने लगी है। प्रखंड मुख्यालय के सामने पोखर में जलकुंभी को हटाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस वर्ष पोखर के तीन हिस्से में लाखों की लागत से पंचायत समिति की राशि और भवानीपुर दक्षिण पंचायत की राशि से पोखर के तीन हिस्से में सीढी घाट का निर्माण करवाया गया है। जिससे इस वर्ष पोखर घाट पर छठ मनाने में छठवर्तियों को सुविधा होगी। पंचायत की मुखिया फागुनी देवी बताती हैं कि अंतिम वर्षात के कारण पोखर में अधिक पानी के कारण छठवर्तियों के साथ कोई अनहोनी न हो इसके लिए अधिक पानी को देखते हुए सांकेतिक रस्सी लगाई जा रही है। साथ हीं साफ सफाई करवाई जा रही है। इसी तरह भवानीपुर उतर पंचायत होकर गुजरने वाली एमबीसी नहर पर भी छठ कमेटी और सुखानगर पंचायत में बालेश्वर चौक के पास भी पंचायत के मुखिया रणजीत सिंह द्वारा भी घाट की साफ सफाई का कार्य करवाया जा रहा है। छठ पर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से सप्तमी तक मनाया जाता है। जिसमें नहाय, खाय, खरना डूबते और उगते सुर्य को अर्ध्य दिया जाता है। छठ पर्व को महापर्व इसलिए भी कहा जाता है क्योंकि यह न केवल एक त्योहार है बल्कि सभी जाति धर्म और सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि के लोगों को एक साथ लाता है। यह पर्व कठिन तपस्या और अनुशासन पर आधारित है। यह पर्व कठिन शारीरिक तपस्या और शुद्ध मन का प्रतीक है। जिसमें छठवर्तियों द्वारा भगवान भाष्कर को अर्ध्य देने के लिए घंटों पानी में खडा होना होता है। ओ उनके समर्पण और भक्ति का प्रतीक है।

# बीडीओ के अगुवाई में निकला गया मतदाता जागरूकता अभियान




**न्यूज़ स्केल पिपरा**

---------------------

पिपरा प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। रैली की शुरुआत प्रखंड टीसीपी भवन से हुई, जिसका नेतृत्व बीडीओ अमरेंद्र पंडित ने किया। रैली में सैकड़ों लोग शामिल हुए और हाथ में तख्ती लिए 'जागो मतदाता, जागो' व 'पहले मतदान, फिर जलपान' जैसे नारे लगाते हुए एनएच 106 मार्ग से प्रखंड कार्यालय तक पहुंचे। अभियान में सभी पंचायतों के स्वच्छताकर्मी, एलएसबीए सदस्य और मुख्यालय कर्मचारी शामिल हुए। बीडीओ ने कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जिम्मेदारी है और युवाओं से शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# मरौना बीडीओ एवं नदी थानाध्यक्ष ने किया छठ घाटों का निरीक्षण

**न्यूज़ स्केल मरौना**

---------------------



मरौना प्रखंड प्रशासन ने आगामी लोकआस्था महापर्व छठ को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी (BDO) रचना भारतीय ने नदी थानाध्यक्ष अमित कुमार के साथ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित पंचायत प्रतिनिधियों और स्वच्छता कर्मियों को घाटों की सफाई, समतलीकरण और प्रकाश व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बीडीओ ने कहा कि छठ व्रतियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

**सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष दिशा-निर्देश** : थानाध्यक्ष अमित कुमार ने घाटों पर पुलिस बल की तैनाती और गोताखोरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्रशासन चौकस रहेगा। पुलिस एवं गोताखोरों की मौजूदगी से व्रतियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

**स्थानीय प्रतिनिधियों से सहयोग की अपील** : निरीक्षण के दौरान बीडीओ रचना भारतीय ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि छठ महापर्व लोक आस्था का प्रतीक है। इसकी पवित्रता और स्वच्छता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि घाटों पर नियमों का पालन सुनिश्चित करें और व्रतियों को सहज वातावरण प्रदान करें।

कुल मिलाकर, मरौना प्रखंड प्रशासन ने छठ महापर्व को सुरक्षित, स्वच्छ और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

# चुनाव आवजर्बर ने 18 बूथों का किया निरीक्षण, लोगों से समस्या भी पूछी

**न्यूज़ स्केल प्रतापगंज**

---------------------



चुनाव आवजर्बर बुधवार को प्रखंड के श्री पुर और गोविन्द पुर पंचायत पहूंच कुल 18 बूथों का दौरा कर सभी आवश्यक सुविधाओं का सधन निरीक्षण किया। बीडीओ अमरेश कुमार मिश्रा और लाईजिंग पदाधिकारी सह बीसीओ सीतेश झा के साथ आवजर्बर देवी प:रसाद करनम सबसे पहले श्रीपुर पंचायत के 1 से 15 बूथों पर पहूंच कर मतदान केंद्रों को मिलने वाली व्यवस्थाओं को देख उसकी विस्तृत जानकारी ली। इस क्रम में उन्होंने मतदान केंद्रों पर शौचालय, रेम्प, बिजली, कमरों, पीने के पानी के लिए चापाकल सहित अन्य सुविधाओं को देखा। अपने निरीक्षण के क्रम में बूथ के आस पास जमा लोगों से भी सीधा संवाद कर बूथ की समस्या के बारे में पूछा। जमा लोगों ने बताया कि इन बूथों पर सारी व्यवस्था ठीक रहती है। इसके बाद आवजर्बर गोविंदपुर पंचायत के काली मंदिर स्थित माध्यमिक स्कूल पहूंच तीन बूथों की जानकारी ली। वहां भी आवजर्बर ने लोगों से सीधा संवाद कर समस्याओं की आनकारी ली। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के सभी संवेदनशील और अतिसंवेदनशील बूथों की भी जानकारी ली। आवजर्बर 18 बूथों का निरीक्षण कर चुनाव आयोग द्वारा निर्देशित सुविधाओं को धरातल पर देख संतुष्ट दिखे।

# बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम

## बेलही चौक पर बना चेक पोस्ट, वाहनों की हो रही सघन जांच

**न्यूज़ स्केल मरौना**

---------------------





बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनजर मरौना प्रखंड प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। नदी थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलही चौक पर पुलिस द्वारा चेक पोस्ट स्थापित किया गया है। यहां सुरक्षा बलों की तैनाती कर वाहनों और व्यक्तियों की सघन जांच की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधियों को रोका जा सके।

**चेक पोस्ट पर सघन तलाशी**

चेक पोस्ट पर तैनात जवानों के द्वारा आने-जाने वाले सभी छोटे-बड़े वाहनों की बारीकी से तलाशी ली जा रही है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि निर्वाचन को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भयमुक्त माहौल में संपन्न कराने के लिए विशेष निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि हर वाहन, व्यक्ति और सामान की गहन जांच की जा रही है।

**सुरक्षा व्यवस्था में चौकसी**

थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चौकसी बढ़ा दी गई है। पुलिस प्रशासन के साथ-साथ सशस्त्र बल लगातार गश्त कर रहे हैं। चुनाव आचार संहिता के पालन को सुनिश्चित करने के लिए हर संवेदनशील इलाके पर नजर रखी जा रही है। किसी भी तरह की शांति भंग करने वाली गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**ग्रामीणों में बढ़ा सुरक्षा का भरोसा** : बेलही चेक पोस्ट पर तैनात जवानों की मुस्तैदी से ग्रामीणों में सुरक्षा और विश्वास का माहौल देखा जा रहा है। अधिकारीगण ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य है कि मतदाता बिना किसी भय और दबाव के स्वतंत्र रूप से मतदान कर सकें। इस तैनाती से क्षेत्रवासियों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है और चुनावी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने की उम्मीद बढ़ी है।

# पशुपालकों ने हर्षोल्लास से मनाया गोवर्धन पूजा

**न्यूज़ स्केल मरौना**

---------------------





दीपावली के दूसरे दिन बुधवार को क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पशुपालकों द्वारा परंपरागत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह से ही ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया। पशुपालकों ने अपने-अपने गाय, बैल एवं अन्य पशुओं को स्नान कराकर उन्हें पुष्पमाला, हल्दी, रंग और गोबर से सजाया।इसके बाद गोवर्धन पर्वत के प्रतीक स्वरूप गोबर से पर्वत का निर्माण कर पूजा-अर्चना की गई। पूजा के उपरांत प्रसाद वितरण और आरती के साथ वातावरण भक्तिमय हो उठा। ग्रामीणों ने भगवान श्रीकृष्ण के गोवर्धन पर्वत उठाने की कथा का स्मरण करते हुए सामूहिक रूप से गोवर्धन महाराज की जय के जयघोष भी लगाए। इसी बाबत कई स्थानों पर महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाकर पूजा का महत्व बताया। वहीं बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक गोवर्धन पूजा में भाग लिया। इस पर्व को लेकर पशुपालक गगन ठाकुर ने बताया की पशुपालक अपनी आजीविका और गोवंश के रक्षा की प्रति आभार व्यक्त करने का प्रतीक मानते हैं। ग्रामीण इलाकों में यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है और आज भी पूरे आस्था व उल्लास के साथ निभाई जा रही है।ज्ञात हो की गोबर्धन पूजा को लेकर मान्यता है कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के कोप से गोकुलवासियों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी उंगली पर उठाया था। इसी आस्था के प्रतीक स्वरूप पशुपालक यह पर्व मनाते हैं।

# भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक गण ने निर्वाचन संबंधित तैयारियों का लिया जायजा

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सहित जिला के सभी निर्वाची पदाधिकारी के साथ की गई बैठक

**न्यूज स्केल मोतीहारी**

पूर्वी चंपारण समाहरणालय मोतिहारी में आज बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को स्वच्छ, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा नियुक्त प्रेक्षकगण की जिला प्रशासन के पदाधिकारियों एवं सीएपीएफ कमांडेंट्स के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा के साथ आगामी योजना पर भी चर्चा हुई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने सभी प्रेक्षकगण



का स्वागत करते हुए पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से निर्वाचन की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले की कुल आबादी 60.32 लाख है, जिसमें 34.42 लाख वोटर हैं। पुरुष वोटर 18.35 लाख और महिला वोटर 16.07 लाख हैं। जिले में कुल 4095 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 455 शहरी और 3640 ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। सभी केंद्रों को जियो टैग किया गया है और मतदाता फ्रेंडली बनाया गया है। प्रत्येक मतदान केंद्र पर एएमएफ, सीसीटीवी कैमरा और वेबकास्ट की सुविधा उपलब्ध होगी। **मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण और ईवीएम तैयारी :** जिलाधिकारी ने बताया कि प्रथम चरण का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है। पोस्टल बैलेटिंग और फर्स्ट रेंडमाइजेशन भी पूर्ण हो चुका है। जिले के 12 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 12 डिस्पैच सेंटर और स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं। द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलेगा।

**सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की तैयारियाँ :** अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर 64 नाका और अंतर जिला सीमा पर 20 नाका बनाए गए हैं। FST और SST की 39-39 टीमों के साथ 4 क्विक रिस्पांस टीम (QRT) भी गठित की गई हैं। संवेदनशील पॉकेट की पहचान कर 2655 लोगों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जा चुकी है।

**मतगणना और अन्य व्यवस्थाएँ :** मतगणना के लिए दो केंद्र बनाए गए हैं – एस कॉलेज और छतौनी डाइट। सभी मतदान केंद्रों पर महिला कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति होगी और मोबाइल पॉकेट की व्यवस्था की गई है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPF) के ठहराव के लिए 120 लोकेशन चिन्हित किए गए हैं, जहां फ्लैग मार्च और कांफिडेंस बिल्डिंग अभियान भी चल रहे हैं।

**वोटर सूचना और आदर्श आचार संहिता :** वोटर इनफॉरमेशन स्लिप का वितरण 24 अक्टूबर से बीएलओ के माध्यम से शुरू होगा। आदर्श आचार संहिता 6 अक्टूबर से प्रभावी है और उसका अनुश्रवण सतत किया जा रहा है। **अधिकारियों की मौजूदगी** बैठक में पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी और अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। पुलिस प्रशासन द्वारा आर्म्स वेरिफिकेशन और CCAs के अंतर्गत प्रस्तावों का निराकरण किया जा रहा है। इस तरह पूर्वी चंपारण जिला में विधानसभा चुनाव 2025 के लिए सभी व्यवस्थाएँ पूरी तरह तैयार हैं, जिससे मतदान शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सके।

**01:** सभी मतदान केंद्र तैयार, जियो टैग और मतदाता फ्रेंडली बनाए गए हैं; प्रशिक्षण चल रहा है।

**02:** सुरक्षा के लिए 64 अंतर्राष्ट्रीय और 20 अंतर जिला नाके, FST/SST और QRT टीमें गठित की गई हैं।

**03 :** मतगणना के दो केंद्र, वोटर सूचना वितरण और महिला कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की गई।

# नरकटियागंज विधानसभा क्षेत्र में सामान्य प्रेक्षक ने निरीक्षण किया

**न्यूज स्केल बेतिया**

नरकटियागंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में श्रीमती नेहा जैन, सामान्य प्रेक्षक, ने आज विभिन्न निर्वाचन कोषांगों का भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बज्रगृह कोषांग, निर्वाचन कोषांग, सामग्री कोषांग, मीडिया कोषांग, एमसीएमसी कोषांग और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग कोषांग का विस्तृत अवलोकन किया और कोषांगों में कार्य की प्रगति, अभिलेखों के संधारण, कर्मियों की उपस्थिति और कार्य प्रणाली की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान श्रीमती जैन





ने अधिकारियों और कर्मियों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के कड़ाई से पालन करने और प्रत्येक कार्य को पारदर्शी तथा त्रुटिरहित बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कोषांग में कार्यों का दैनिक प्रतिवेदन समय पर नियंत्रण कक्ष को उपलब्ध कराया जाए। विशेष रूप से मीडिया एवं सोशल मीडिया मॉनिटरिंग से जुड़े अधिकारियों को आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने और किसी भी भ्रामक या नियमविरुद्ध सामग्री पर तुरंत कार्रवाई करने हेतु सतर्क रहने को कहा गया। बज्रगृह कोषांग के निरीक्षण के दौरान ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, अग्निशमन प्रबंधन और तैनात सुरक्षा कर्मियों की सतर्कता की जांच की गई। उन्होंने संतोष व्यक्त किया, लेकिन लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्रीमती नेहा जैन ने कहा कि निर्वाचन कार्य एक राष्ट्रीय दायित्व है। सभी अधिकारी एवं कर्मी पूर्ण निष्ठा, निष्पक्षता और टीम भावना के साथ कार्य करें, ताकि जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान प्रक्रिया संपन्न हो सके। निरीक्षण के दौरान संबंधित कोषांगों के वरीय एवं नोडल पदाधिकारी सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# रक्सौल विधानसभा क्षेत्र में चुनाव तैयारियों का निरीक्षण

**न्यूज स्केल मोतीहारी**

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक 10, रक्सौल विधानसभा क्षेत्र, मयंक अग्रवाल ने आज रक्सौल विधानसभा क्षेत्र में चुनाव तैयारियों का भौतिक निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले एसएसबी कैंप, एयरपोर्ट ग्राउंड, रक्सौल में बनाए गए डिस्पैच सेंटर का दौरा कर सभी तैयारियों की जानकारी ली। इसके बाद प्रेक्षक ने क्षेत्र के कई संवेदनशील मतदान केंद्रों का भ्रमण किया और मतदाताओं से मिलकर उनके अनुभव व फीडबैक प्राप्त किया। प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों में सुरक्षा और व्यवस्थाओं की स्थिति



का जायजा लेते हुए स्टैटिक सर्विलांस चेक पोस्ट का भी निरीक्षण किया। इस दौरान सभी आवश्यक जानकारियां एकत्रित की गईं और मतदान केंद्रों की तैयारियों की समीक्षा की गई। क्षेत्र भ्रमण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी रक्सौल, श्री मनीष कुमार भी उपस्थित थे और उन्होंने प्रेक्षक को आवश्यक मार्गदर्शन व सहायता प्रदान की। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य चुनाव के दौरान स्वच्छ, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करना था। प्रेक्षक द्वारा किए गए भ्रमण व निरीक्षण से यह सुनिश्चित हुआ कि मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व व्यवस्थाओं की स्थिति संतोषजनक है और मतदाता अपने अधिकार का प्रयोग सहजता से कर सकते हैं। यह कदम आगामी विधानसभा चुनाव 2025 को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न कराने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

# पिस्टल व जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)। जिले के भोपतपुर थाना पुलिस ने डीएसपी सदर-2 के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर कारवाई करते हुए एक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक कोटवा थाना क्षेत्र का राजा बाबू बताया गया है,जो अली राज अंसारी का बेटा है। उसकी गिरफ्तारी पुलिस ने विशुनपुर हनुमान मंदिर के पास से किया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी पिस्टल, मोबाइल फोन, तीन जिंदा कारतूस और लाल रंग की सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की गई। उसके मोबाइल फोन में उसका



फायरिंग करता हुआ वीडियो पाया गया है। उसने पुलिस को बताया है कि बाइक उसके बहनोई की है जिससे वह केसरिया से अपने घर कोटवा जा रहा था।पुलिस को उसके बरामद मोबाइल की जांच करने पर कई आपत्तिजनक वीडियो और फोटो मिले हैं,जिनमें आरोपी को उसी पिस्टल से फायरिंग करते हुए देखा गया है। पुलिस ने युवक को हथियार की प्राप्ति के स्रोत के संबंध में पूछताछ शुरू कर दी है।बताया जा रहा है कि आरोपी लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि गिरफ्तार का अपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है , फिलवक्त आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# मतदाता जागरूकता को लेकर विकास मित्रों की बैठक आयोजित

**बेतिया,** (हि.स.)। पश्चिम चंपारण जिला स्थित नौतन प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को प्रखंड कल्याण पदाधिकारी शेशानक की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर विकास मित्रों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव में लोगों को निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान विशेष रूप से दलित बस्तियों में जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया गया, ताकि सभी वर्ग के लोग लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभा सकें। पदाधिकारी ने विकास मित्रों से अपील की कि वे घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान के महत्व को समझाएं और उन्हें निष्पक्ष रूप से वोट देने के लिए प्रेरित करें। बैठक में विकास मित्र लिलावती रंजन, धर्मेन्द्र राम, जयकरण राम, परशुराम राम, हीरालाल कुमार, बबीता कुमारी, राजकुमारी देवी समेत कई लोग मौजूद थे.सभी ने इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# सामान्य प्रेक्षक अमित तोमर ने हथुआ विधानसभा क्षेत्र का किया निरीक्षण

**गोपालगंज,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से 104-हथुआ विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अमित तोमर ने आज क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम छाप और मिर्जापुर का दौरा कर संवेदनशील और सामान्य मतदान केंद्रों की तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया। प्रेक्षक तोमर ने बूथ परिसर, मतदान केंद्रों तक पहुंचने के मार्ग, बिजली-पानी की व्यवस्था, दिव्यांगजन सुविधाएं और सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि संवेदनशील केंद्रों पर विशेष सतर्कता बरती जाए और मतदान के दिन किसी भी गड़बड़ी पर तत्काल कार्रवाई हो।



उन्होंने मतदान कर्मियों, पुलिस बल, सीसीटीवी व्यवस्था और माइक्रो ऑब्जर्वर की उपस्थिति पर जोर दिया। दोनों गांवों में चेकपोस्ट और एसएसटी की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की और ग्रामीणों से भय-मुक्त मतदान करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान अनुवीक्षण अधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी, थानाध्यक्ष एवं एसएसटी सदस्य भी मौजूद रहे।

# पूर्वी चंपारण जिले में 100 साल अधिक उम्र के 417 मतदाता 11 नवंबर को करेगे मतदान

**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)।जिले में सौ साल अधिक उम्र के 417 मतदाता है,जो बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में 11 नवंबर को अपना मतदान करेंगे।

आंकड़े पर गौर करे तो जिले में 30 से 39 वर्ष के बीच के 926722 वोटर है।जिले 12 विधान सभा क्षेत्रों पर नजर दौड़ाये तो ढाका विधान सभा क्षेत्र में 30 से 39 के बीच सबसे अधिक 98067 वोटर है।जिसमें पुरुष 51746 व महिला 46336 वोटर है। वहीं जिले में अभी तीन वोटर ऐसे है जिनका उम्र 110 से 119 वर्ष के बीच है।जिसमें दो महिला व एक पुरुष है। चिरैया व नरकटिया विधान सभा में एक एक महिला वोटर व सुगौली विधान सभा क्षेत्र में एक पुरुष वोटर है। जिनकी उम्र 100 साल से अधिक है।

चुनाव आयोग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले 12 विधानसभा में सभी उम्र के वोटरों में 18 से 19 वर्ष के वोटर कुल 69237 है।जिसमें 41231 पुरुष व




28005 महिला व एक थर्ड जेंडर वोटर है।20 से 29 वर्ष के बीच वोटरों की कुल संख्या 785090 है जिसमें पुरुष वोटर 436977, महिला वोटर 348079 व थर्ड जेंडर 34 है। 30 से 39 वर्ष के बीच कुल वोटरों की संख्या 926722 है जिसमें पुरुष 496506, महिला 430196 व थर्ड जेंडर 20 है। 40 से 49 वर्ष के बीच कुल वोटरों की संख्या 740063 है जिसमें पुरुष 387957, महिला 352101 व थर्ड जेंडर 05 है। 50 से 59 वर्ष के बीच कुल वोटरों की संख्या 471126 है जिसमें पुरुष 241077, महिला 230048 व थर्ड जेंडर 01 है। 60 से 69 वर्ष के बीच कुल वोटरों की संख्या 280144 है जिसमें पुरुष 144543, महिला 135599 व थर्ड जेंडर 02 है। 70 से 79 वर्ष के बीच कुल वोटरों की संख्या 131332 है जिसमें पुरुष 68292, महिला 63040 व थर्ड जेंडर शून्य है। 80 से 89 वर्ष के बीच कुल वोटरों की संख्या 30504 है जिसमें पुरुष 14701, महिला 15802 व थर्ड जेंडर एक है।

90 से 99 वर्ष के कुल वोटरों की संख्या 3440 है जिसमें पुरुष 1458, महिला 1982, थर्ड जेंडर शून्य है। 100 से 109 वर्ष के बीच कुल वोटरों की संख्या 417 है जिसमें 176 पुरुष, 241 महिला व थर्ड जेंडर शून्य है। 110 से 119 वर्ष के बीच कुल वोटरों की संख्या 03 है जिसमें पुरुष 01, महिला 01 व थर्ड जेंडर शून्य है।

# पश्चिम चंपारण जिले के सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों के लिए सामान्य, पुलिस एवं व्यय प्रेक्षकों की नियुक्ति हुई

**बेतिया,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पश्चिम चंपारण जिले के सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों के लिए सामान्य, पुलिस एवं व्यय प्रेक्षकों की नियुक्ति की गई है।

पश्चिम चंपारण के 09 विधानसभा क्षेत्रों के लिए निम्नलिखित प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं। वाल्मीकिनगर विधानसभा (संख्या-01) के लिए तरन प्रकाश सिन्हा (IAS-2012) (मोबाइल नंबर-8757651105), रामनगर विधानसभा (संख्या-02) के लिए संतोष कुमार देवांगन (IAS-2013) मोबाइल




नंबर-8084716109, नरकटियागंज विधानसभा (संख्या-03) के लिए नेहा जैन (IAS-2014) मोबाइल नंबर-7479553511, बगहा विधानसभा (संख्या-04) के लिए के. सुरेन्द्र मोहन (IAS-2006) मोबाइल नंबर-7779825112, लौरिया विधानसभा (संख्या-05) के लिए कैलाश वानखेडे (IAS-2013) **मोबाइल नंबर-8757058108,** नौतन विधानसभा (संख्या-06) के लिए एम. भरनी कुमार (IAS-2013) मोबाइल नंबर-7321987106, चनपटिया विधानसभा (संख्या-07) के लिए संजय श्रीपत राव कटकर (IAS-2014) मोबाइल नंबर-8757017104, बेतिया विधानसभा (संख्या-08) के लिए अशोक कुमार मीना (IAS-2006) मोबाइल नंबर-8757419103, सिकटा विधानसभा (संख्या-09) के लिए मोहिंदर पाल (IAS-2008) **मोबाइल नंबर-8294077107**

इसके अतिरिक्त पूरे जिले के लिए धर्मवीर (IPS-2002) को पुलिस प्रेक्षक तथा अनिल कुमार (IRS-2014) और विनय कुमार कांथेती (IRS-2009) को व्यय प्रेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

सभी प्रेक्षकगण जिला अतिथि गृह, पश्चिम चंपारण, बेतिया में ठहरेंगे और प्रातः 9 बजे से लेकर पूर्वाह्न 10 तक अभ्यर्थियों एवं आम मतदाताओं से मिलने के लिए उपलब्ध रहेंगे।कोई भी अभ्यर्थी, राजनीतिक दल का प्रतिनिधि या आम मतदाता निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित किसी भी शिकायत या जानकारी के लिए संबंधित प्रेक्षक से निर्धारित समय पर संपर्क कर सकता है।

# समुद्री चरण पूरा करके भारतीय युद्धपोत जापान के योकोसुका बंदरगाह पर पहुंचा




**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारतीय नौसेना का पोत आईएनएस सह्याद्रि जापान के साथ समुद्री चरण का अभ्यास पूरा करके हार्बर चरण के लिए योकोसुका में बंदरगाह पर पहुंच गया है। स्वदेश निर्मित शिवालिक श्रेणी के इस गाइडेड मिसाइल स्टील्थ फ्रिगेट के साथ समुद्री चरण में उन्नत पनडुब्बी रोधी युद्ध और मिसाइल रक्षा अभ्यास शामिल थे। भारत और जापान की नौसेनाओं के बीच 'जैमेक्स' अभ्यास 'विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी' का आधार है। नौसेना के मुताबिक योकोसुका पहुंचने से पहले जापान-भारत समुद्री अभ्यास 16 से 18 अक्टूबर तक हुआ, जिसमें आईएनएस सह्याद्रि और जापानी पोत असाही, ओमी और पनडुब्बी जिनरयू ने भाग लिया। समुद्री चरण में उन्नत पनडुब्बी रोधी युद्ध और मिसाइल रक्षा अभ्यास शामिल थे, जिसमें उड़ान संचालन और चल रहे पुनःपूर्ति के माध्यम से अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाया गया। दोनों देशों के बीच यह साझेदारी हिंद-प्रशांत समुद्री क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।

योकोसुका में बंदरगाह चरण के दौरान आईएनएस सह्याद्री के चालक दल और भाग लेने वाले जापान समुद्री आत्मरक्षा बल (जेएमएसडीएफ) की इकाइयां विविध व्यावसायिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में शामिल होंगी। इन गतिविधियों में क्रॉस-डेक दौरे, सहयोगात्मक परिचालन योजना, सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान और सौहार्द एवं एकता को बढ़ावा देने के लिए एक संयुक्त योग सत्र शामिल होगा। यह बंदरगाह यात्रा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में जहाज की चल रही लंबी दूरी की तैनाती के दौरान एक महत्वपूर्ण गतिविधि भी है।

जापान के साथ समुद्री अभ्यास में भाग ले रहा आईएनएस सह्याद्री स्वदेशी रक्षा तकनीक के प्रति भारत की बढ़ती रुचि और राष्ट्र के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण का प्रमाण है। नौसेना में 2012 में कमीशन किये गए इस बहु-भूमिका वाले स्टील्थ फ्रिगेट ने विभिन्न परिचालन तैनाती, द्विपक्षीय और बहुपक्षीय अभ्यासों में भाग लिया है। भारत और जापान के बीच रणनीतिक साझेदारी लंबे समय से बेहद मजबूत रही है, जिसमें रक्षा और समुद्री सहयोग पर विशेष ध्यान दिया गया है। भारतीय नौसेना और जेएमएसडीएफ स्वतंत्र, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के साझा दृष्टिकोण के साथ इस बढ़ती साझेदारी में अग्रणी रहे हैं

# सोने-चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट



ग्लोबल मार्केट में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में लगातार गिरावट जारी रही। मंगलवार को सोने की कीमतों में 5 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज हुई थी, जो अगस्त 2020 के बाद 5 साल की सबसे बड़ी इंट्राडे गिरावट थी। बुधवार को हाजिर सोना 0.4% गिरकर 4,109.19 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। सोमवार को सोना 4,381.21 डॉलर प्रति औंस के लाइफटाइम हाई पर था, लेकिन अब यह अपने उच्चतम स्तर से 6% से ज्यादा कम होकर 4,109.19 डॉलर पर पहुँच गया है। घरेलू सर्राफा बाजार में भी भारी बिकवाली की संभावना के चलते सोने के भाव में गिरावट देखी जा सकती है। देशी बाजार में सोने की कीमतें ₹132,294 प्रति 10 ग्राम के लाइफटाइम हाई से गिरकर ₹128,000 प्रति 10 ग्राम हो गई हैं, यानी करीब 3% की गिरावट। विशेषज्ञों के अनुसार, यह गिरावट मुनाफावसूली और अमेरिका-चीन व भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में संभावित सकारात्मक संकेतों के कारण हुई है। इस साल सोने ने लगभग 60% रिटर्न दिया है। चांदी के भाव में भी दो दिनों में ₹8,100 की बड़ी गिरावट आई है और अब यह ₹1,63,900 प्रति किलोग्राम पर आ गई है। अमेरिका में 21 अक्टूबर को चांदी 8% गिरकर 48.11 डॉलर प्रति औंस पर पहुँची, जो 2021 के बाद एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट है। मजबूत डॉलर, फेडरल रिजर्व की ब्याज दर नीति में देरी और इंडस्ट्रियल डिमांड में कमी इसके प्रमुख कारण बताए जा रहे हैं। बावजूद इसके, चांदी की कीमतें अभी भी ऊँचे स्तर पर बनी हुई हैं।

# चीन की CR450 बुलेट ट्रेन ने तोड़ी रफ्तार की हद



चीन ने अपनी सबसे तेज़ बुलेट ट्रेन CR450 के प्री-सर्विस ट्रायल की शुरुआत कर दी है। ट्रायल के दौरान ट्रेन ने 453 किमी/घंटा की अधिकतम गति हासिल की। यह ट्रेन 450 किमी/घंटा की ट्रायल स्पीड और 400 किमी/घंटा की कमर्शियल सर्विस स्पीड के लिए डिज़ाइन की गई है। CR450 ट्रेन शंघाई और चेंगदू को जोड़ने वाली हाई-स्पीड रेल पर ट्रायल कर रही है।

**पुराने मॉडल से 100 सेकंड तेज़** : मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, CR450 ट्रेन महज 4 मिनट 40 सेकंड में 350 किमी/घंटा की गति पकड़ सकती है, जो पुराने CR400 मॉडल की तुलना में 100 सेकंड तेज़ है। दो CR450 ट्रेनों ने ट्रायल में एक-दूसरे को क्रॉस करते हुए 896 किमी/घंटा की कंबाइन्ड स्पीड रिकॉर्ड की। नई ट्रेन में 15 मीटर लंबी ऐरोडायनैमिक नोज, 20 सेंटीमीटर कम ऊंचाई और 50 टन कम वजन जैसे सुधार किए गए हैं, जिससे एयर रिसिस्टेंस में 22% की कमी आई है।

**शांत और कम शोर वाला सफर** : 400 किमी/घंटा की रफ्तार पर CR450 ट्रेन का इंटीरियर नॉइज़ लेवल केवल 68 डेसिबल है, जो सामान्य कार की गति के बराबर है। वर्तमान में CR400 ट्रेनें 350 किमी/घंटा की गति से चलती हैं। कमर्शियल सेवा शुरू करने से पहले CR450 ट्रेन 6,00,000 किलोमीटर ट्रायल करेगी। यह प्रोजेक्ट चाइना स्टेट रेलवे ग्रुप और सीआरआरसी की दो सहायक कंपनियों द्वारा विकसित किया गया है।

# 8 घंटे की नींद के बावजूद सुबह थकान और आलस : जानें कारण और समाधान



अच्छी नींद स्वास्थ्य के लिए उतनी ही जरूरी है जितना आहार। हेल्थ एक्सपर्ट कम से कम 8 घंटे सोने की सलाह देते हैं, लेकिन कई बार पर्याप्त नींद लेने के बावजूद सुबह थकान और सुस्ती महसूस होती है। ऐसा होना सिर्फ सोने के घंटे बढ़ाने से नहीं रुकता, क्योंकि नींद की गुणवत्ता यानी क्वालिटी, नींद की अवधि से ज्यादा मायने रखती है। डॉक्टर क्रिस्टोफर जे एलन के अनुसार, 8 घंटे सोना हमेशा गहरी नींद की गारंटी नहीं देता। नींद में खलल आने पर आप पूरी नींद नहीं ले पाते, जिससे सुबह उठने पर थकान, मुंह सूखना और कभी-कभी सिरदर्द भी महसूस होता है। नींद की खराब क्वालिटी के कारण ही लोग पर्याप्त सोने के बावजूद थका हुआ महसूस करते हैं। नींद की क्वालिटी सुधारने के लिए सबसे पहले अपनी नींद की आदतों का विश्लेषण जरूरी है। इसके लिए देखा जा सकता है कि क्या आप खर्राटे लेते हैं, या सोते समय सांस लेने में रुकावट आती है। इसके बाद किसी नींद विशेषज्ञ से संपर्क करना फायदेमंद होता है। वे पता लगा सकते हैं कि कहीं नींद से संबंधित कोई विकार तो नहीं है।इसके अलावा, सोने का समय नियमित रखना, मोबाइल और लैपटॉप का इस्तेमाल सोने से पहले कम करना, और शांत वातावरण में सोना नींद की क्वालिटी बढ़ाने में मदद करता है। अच्छी नींद से न सिर्फ सुबह तरोताजा महसूस होता है, बल्कि दिनभर ऊर्जा और ध्यान बनाए रखना भी आसान हो जाता है।

# कब्ज और पेट की सूजन दूर करने में असरदार : इसबगोल का सही सेवन तरीका



कब्ज और ब्लोटिंग जैसी पेट की समस्याओं में इसबगोल बेहद प्रभावी है। ये फाइबर से भरपूर होने के कारण मल में थोक जोड़ता है और पाचन तंत्र को साफ करता है। कब्ज दूर करने के लिए 1 गिलास छाछ में इसबगोल की भूसी मिलाएं, ऊपर से थोड़ा काला नमक और अजवाइन डालकर अच्छी तरह मिक्स करें। इसे रोजाना सेवन करने से आंतों में जमा मल साफ होता है, गैस और सूजन कम होती है। छाछ और इसबगोल मिलकर जेल बनाते हैं जो मल को मुलायम कर बाहर निकालने में मदद करता है। साथ ही शरीर में हाइड्रेशन बढ़ाता है। इसे अपनाकर कब्ज और पेट की गंदगी से राहत मिलती है।

# राशिफल : 23 अक्टूबर, 2025

मेष : शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। प्रेमभाव बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। शुभांक-3-5-6

मिथुन : कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। यात्रा का योग बनेगा। शुभांक-5-7-8

सिंह : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे। वाहन चालन में सावधानी बरतें। शुभांक-5-7-9

तुला : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मातृपक्ष के लोगों का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-6

वृश्चिक : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-6-7-9

मकर : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-2-5-7

वृष : स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्घि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्घि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। शुभांक-1-3-5

कर्क : आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्घि का योग है। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-5-7

कन्या : आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती हैं। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-4-6

वृश्चिक : मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-6-8-9

धनु : किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। शुभांक-7-8-9

मीन : मायूस न हो समय चक्र हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढऩे में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-1-3-5

# पंचांग : 23 अक्टूबर, 2025

23 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति
सूर्य तुला में
चंद्र तुला में
मंगल तुला में
बध तुला में
गुरु कर्क में
शुक्र कन्या में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में

लग्नारंभ समय
वृश्चिक 07.54 ब.से
धनु 10.10 बजे से
मकर 12.15 बजे से
कुंभ 14.02 बजे से
मीन 15.34 बजे से
मेष 17.05 बजे से
वृष 18.45 बजे से
मिथुन 20.43 बजे से
कर्क 22.57 बजे से
सिंह 01.13 बजे से
कन्या 03.25 बजे से
तुला 05.35 बजे से

गुरुवार 2025 वर्ष का 296 वा दिन
दिशाशूल दक्षिण ऋतु शरद।

विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947
मास कार्तिक पक्ष शुक्ल
तिथि द्वितीया 22.47 बजे को समाप्त।
नक्षत्र विशाखा 04.51 बजे प्रातः को समाप्त। योग आयुष्मान 05.00 बजे प्रातः को समाप्त।
करण बालव 09.32 बजे तदनन्तर कौलव 22.47 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 01.5 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 110 25'
सूर्य दक्षिणायन कलि अहर्गण 1872506
जूलियन दिन 2460971.5
कलियुग संवत् 5126
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2552

हिजरी सन् 1447

महीना रबी उस्सानी तारीख 30

विशेष चंद्र दर्शन, भैया दूज, यम द्वितीया, चित्रगुप्त पूजा।



# मप्र के गौतमपुरा में हिंगोट युद्ध परंपरा दहकती ज्वाला के साथ हुई जीवंत

**इंदौर,** (हि.स.)। मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के गौतमपुरा कस्बे में मंगलवार देरशाम पारंपरिक हिंगोट युद्ध एक बार फिर दहकती ज्वाला के साथ जीवंत हो उठा। दिवाली के दूसरे दिन मनाया जाने वाला यह आयोजन रोमांच, श्रद्धा और खतरे का संगम बना रहा। जब आग से जलते हिंगोट (बारूद भरे फल) हवा में उड़े तो पूरा कस्बा नारों और तालियों से गूंज उठा। हजारों दर्शक मैदान के किनारों पर इस दृश्य के साक्षी बने।

**दो गांवों की पारंपरिक होड़**

सूर्यास्त के साथ ही मैदान में उतरे गौतमपुरा के तुर्रा दल और रूणजी गांव के कलंगी दल ने एक-दूसरे पर हिंगोटों की वर्षा शुरू कर दी। आग की लपटों से घिरे इन फलों ने आसमान को रौशन कर दिया। सुरक्षा के लिहाज से प्रशासन ने इस बार युद्ध को तय समय से पहले समाप्त कर दिया। थाना प्रभारी अरुण सोलंकी ने बताया कि कुल 44 लोग घायल हुए, जिनमें नौ को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**. मराठा वीरता से उपजी परंपरा** : स्थानीय बुजुर्गों के अनुसार यह परंपरा लगभग 250 वर्ष पुरानी है। मराठा योद्धाओं ने मुगलों से संघर्ष के दौरान हथियारों की कमी में सूखे हिंगोट फलों में बारूद भरकर इन्हें देसी बम की तरह इस्तेमाल किया। बाद में यह परंपरा युद्ध से लोक-उत्सव में बदल गई, जो आज भी सामूहिकता और वीरता का प्रतीक मानी जाती है।

**क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान** : हिंगोट युद्ध अब सिर्फ परंपरा नहीं, बल्कि गौतमपुरा की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। पड़वा के दिन बाजारों में रौनक बढ़ जाती है। हिंगोट बनाने से लेकर बिक्री तक महीनों पहले तैयारियां होती हैं। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार इस आयोजन से दो दिन में लाखों रुपये का कारोबार होता है। यह आयोजन न केवल साहस का प्रतीक है, बल्कि परंपरा, पर्यटन और आस्था का अद्‌भुत संगम भी है।

**कोर्ट निगरानी में नियंत्रित आयोजन** : 2017 में हादसे के बाद हाई कोर्ट ने सुरक्षा मानकों पर सवाल उठाए थे। तब से प्रशासन ने सख्त निगरानी में आयोजन शुरू किया। इस वर्ष भी 200 से अधिक पुलिसकर्मी, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड मौके पर तैनात रहे, जबकि 15 फीट ऊंचे बैरिकेड से दर्शक क्षेत्र अलग किया गया।

# गंगोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद, गंगाजी की उत्सव डोली अपने मायके मुखवा के लिए रवाना

**उत्तरकाशी,** (हि.स.)। उत्तराखंड के चारधाम कपाट बंद होने की शुरुआत आज उत्तरकशी जिले के गंगोत्री धाम से हो गई है । गंगोत्री धाम के कपाट अन्नकूट पर्व के मौके पर सुबह 11.26 मिनट पर बंद कर दिए गए। जिसके लिए पिछले दिनों से तैयारियां चल रही थीं।



बुधवार प्रातः मां गंगा के भोग मूर्ति का जलाभिषेक करने के बाद गंगाजी का श्रृंगार किया गया। उसके बाद श्री पंच मंदिर समिति के पूजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चारण से मां गंगा की पूजा अर्चना कर प्रदेश और देश की खुशहाली की कामना की। पूजा-अर्चना पूरी होने के बाद मां गंगा को डोली में पारंपरिक तरीके से सजाया जाया गया। ठीक अभिजीत मुहूर्त 11:36 मिनट पर गंगोत्री धाम के कपाट देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिए शीतकालीन कपाट बंद कर दिए। मां गंगा की विग्रह डोली भोगमूर्ति, आर्मी बैंड और स्थानीय वाद्य यंत्रों के साथ शीतकालीन प्रवास मुखबा गांव के लिए रवाना हुई।

आज की रात को डोली मुखबा गांव से करीब दो किमी पहले मौजूद मार्कंडेय मंदिर में रात्रि विश्राम करेगी। उसके बाद गुरुवार दोपहर मां गंगा की विग्रह डोली मुखबा गांव पहुंचेगी। मुखबा गांव में मां गंगा की भोगमूर्ति को मंदिर में विधि-विधान से शीतकाल छह माह के लिए स्थापित किया जाएगा। इसके बाद छह माह मां गंगा के दर्शन उनके शीतकालीन प्रवास मुखबा गांव में ही होंगे।

इस मौके पर श्री गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष धर्मानन्द सेमवाल, सचिव सुरेश सेमवाल, राजेश सेमवाल, क्षेत्रीय विधायक सुरेश चौहान, पूर्व विधायक विजय पाल सिंह सजवाण, ब्लॉक प्रमुख भटवाड़ी ममता पंवार, ब्लॉक प्रमुख डुंडा राजदीप परमार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री योगी के विजन पर पांच महानगरों में खुलेंगे 'इन्वेस्ट यूपी' के सैटेलाइट निवेश प्रोत्साहन ऑफिस

## मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई और नई दिल्ली में खुलेंगे सेटेलाइट ऑफिस

**लखनऊ** (हि.स.)।

**इन सेटेलाइट ऑफिसों से राज्य में मिलेगी औद्योगिक विकास को नई रफ्तार**

-----------------

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने निवेशकों को आकर्षित करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। अब देश के पांच प्रमुख महानगरों-मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई और नई दिल्ली में 'इन्वेस्ट यूपी' के सैटेलाइट इन्वेस्टमेंट प्रमोशन ऑफिस खोले जाएंगे। इसका उद्देश्य देश के बड़े औद्योगिक केंद्रों से पूंजी निवेश को सीधे उत्तर प्रदेश तक लाना और निवेशकों को राज्य की नीतियों एवं संभावनाओं से जोड़ना है।



**प्रत्येक ऑफिस में होगा समर्पित स्टॉफ** :मुख्यमंत्री योगी पहले ही इन्वेस्ट यूपी के पुनर्गठन प्रस्ताव को हरी झंडी दे चुके हैं। इसी क्रम में इन सैटेलाइट ऑफिसों की स्थापना किए जाने का प्रस्ताव है, जो राज्य में औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देंगे। प्रत्येक ऑफिस में एक जनरल मैनेजर, एक असिस्टेंट जनरल मैनेजर, दो उद्यमी मित्र, दो एग्जिक्यूटिव और दो ऑफिस असिस्टेंट की टीम कार्य करेगी। सभी पांचों कार्यालयों पर कुल 12 करोड़ रुपये से अधिक की वार्षिक धनराशि व्यय होने का

**'ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस' की छवि होगी और मजबूत**

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि योगी सरकार का यह कदम निवेशकों से नजदीकी संवाद बढ़ाने और राज्य की 'ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस' की छवि को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। मुख्यमंत्री योगी का कहना है कि उत्तर प्रदेश अब केवल उपभोक्ता राज्य नहीं, बल्कि निवेशकों का पसंदीदा गंतव्य बन चुका है। सैटेलाइट ऑफिस इस दिशा में सेतु का काम करेंगे। इन सैटेलाइट ऑफिसों के माध्यम से उत्तर प्रदेश देश के शीर्ष औद्योगिक केंद्रों में अपनी स्थायी मौजूदगी दर्ज करेगा और वैश्विक निवेश मानचित्र पर एक नई पहचान बनाएगा।

# लखीमपुर खीरी में स्लीपर बस में लगी आग, यात्रियों ने खिड़कियों से कूदकर बचाई जान; डेढ़ दर्जन यात्री मामूली रूप से झुलसे

**लखीमपुर खीरी,** (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के खीरी जिले के मैगलगंज के मुख्य चौराहे पर बुधवार तड़के एक स्लीपर बस में अचानक आग लग गई। यात्रियों ने खिड़कियों से कूद कर अपनी जान बचाई। गए। इस घटना डेढ द्रर्जन यात्री मामूली रूप से झुलस गए।



जानकारी के अनुसार लखीमपुर खीरी के मैगलगंज कस्बे में मुख्य चौराहे पर बुधवार सुबह एक डग्गामार स्लीपर बस में आग लग गई । इसमें लगभग 100 यात्री सवार थे। यह बस दिल्ली जा रही थी और मैगलगंज चौराहे पर यात्रियों को उतारने और नाश्ता आदि के लिए रुकी थी। इसी दौरान बस के पिछले हिस्से से धुआं उठता दिखा और चंद पलों में आग ने पूरी बस को चपेट में ले लिया। दहशत में कई यात्रियों ने खिड़कियों और दरवाजों से जैसे तैसे बाहर निकले तो कई ने कूद कर अपनी जान बचाई। हालांकि सभी यात्रियों का सारा सामान और बस पूरी तरह से जलकर खाक हो गया।

**डेढ़ दर्जन यात्री मामूली रूप से झुलसे** : इस घटना में लगभग डेढ़ दर्जन यात्री मामूली झुलस गए, जिन्हें निजी अस्पताल पहुंचाया गया। उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई गई है। बस में आग लगने के कारणों की वजह पता न हीं चल सकी है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि संभवतः शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी होगी।

घटना की सूचना मिलते ही मैगलगंज कोतवाल रविंद्र पांडे मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचित किया, लेकिन जब तक मकल विभाग की टीम पहुंचती , तब तक बस पूरी तरह जल चुकी थी।

# साउथ एशियन यूनिवर्सिटी ने महेश वर्मा को प्रोफेसर पद पर नियुक्ति दी

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। साउथ एशियन यूनिवर्सिटी ने जाने-माने शिक्षाविद् और राजनैतिक विश्लेषक महेश वर्मा को प्रोफेसर पद पर नियुक्त किया है। साउथ एशियन यूनिवर्सिटी ने आज गरिमामय सादे समारोह में उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस यूनिवर्सिटी की स्थापना सार्क देशों ने मिलकर की है। इसका प्रमुख कैंपस नई दिल्ली में ही है।

नियुक्ति पत्र में दिए गए विवरण के अनुसार वर्मा विजिटिंग एसोसिएट प्रोफेसर का पद संभालेंगे और कला संकाय के विद्यार्थियों को पढ़ाएंगे। वर्मा जाने-माने टेलीविजन विशेषज्ञ हैं और पत्रकारिता के क्षेत्र में भी लंबा अनुभव रखते हैं। वह साउथ एशियन यूनिवर्सिटी में अवैतनिक प्रोफेसर के रूप में कार्य करेंगे, क्योंकि उनकी प्रतिबद्धता कुछ अन्य संगठनों के साथ भी है। इस विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रस्ताव 2005 में 13वें सार्क समिट (ढाका) में प्रस्तुत किया गया था। सार्क सदस्य देशों ने चार अप्रैल, 2007 को इस विश्वविद्यालय की स्थापना के एक



अंतर-मंत्रिस्तरीय समझौते पर हस्ताक्षर किए। 2010-2011 से इस विश्वविद्यालय में शिक्षण का संचालन शुरू हुआ।

साउथ एशियन यूनिवर्सिटी के प्रस्ताव पर अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्री लंका ने हस्ताक्षर किए थे। इस यूनिवर्सिटी में स्नातकोत्तर और शोध स्तर की पढ़ाई होती है। इसमें मुख्य रूप से अर्थशास्त्र, कम्प्यूटर विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, अनुप्रयुक्त गणित, अंतर-राष्ट्रीय संबंध, विधि मुख्य रूप से शामिल हैं।

# वन क्षेत्र के मामले भारत विश्व में 9वें स्थान पर

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) द्वारा बाली में जारी वैश्विक वन संसाधन मूल्यांकन (जीएफआरए) 2025 में भारत ने वैश्विक वन संरक्षण में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए कुल वन क्षेत्र के मामले में विश्व में 9वां स्थान प्राप्त किया है। इससे पहले भारत 10वें स्थान पर था। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को इसकी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि भारत ने वार्षिक वन क्षेत्र वृद्धि के मामले में भी दुनिया में तीसरा स्थान बनाए रखा है, जो सतत वन प्रबंधन और पारिस्थितिक



संतुलन के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यादव ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लागू नीतियों और कार्यक्रमों की सफलता को रेखांकित करती है। प्रधानमंत्री के "एक पेड़ मां के नाम" आह्वान और पर्यावरण चेतना पर जोर ने देशभर में लोगों को वृक्षारोपण और संरक्षण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया है।



# प्रधानमंत्री का राजनीतिक दल प्रतिनिधियों से संवाद, चुनाव से पहले सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह

**काठमांडू,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने अगले साल 5 मार्च को होने वाले प्रतिनिधि सभा चुनाव पर चर्चा के लिए मंगलवार को प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। चुनाव की तारीख घोषित होने के लगभग डेढ़ महीने बाद प्रधानमंत्री कार्की की पार्टी प्रतिनिधियों के साथ यह पहली औपचारिक बातचीत थी। सरकार की ओर से वित्त मंत्री रामेश्वर खनाल, ऊर्जा मंत्री कुलमन घिसिंग, गृह मंत्री ओम प्रकाश आर्यल, कृषि मंत्री मदन परियार, संचार मंत्री जगदीश खरेल और मुख्य सलाहकार अजय भद्र खनाल चर्चा में शामिल हुए। राजनीतिक दलों के साथ बैठक के दौरान प्रधानमंत्री कार्की ने कहा कि सरकार समय पर भय मुक्त वातावरण में चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा उनकी कैबिनेट के सभी मंत्री, सुरक्षा एजेंसियां और पूरा सरकारी तंत्र सभी इसके लिए लगातार काम कर रहे हैं। राजनीतिक दलों के साथ बातचीत में हुई देरी के बारे में प्रधानमंत्री कार्की ने कहा कि घायलों के इलाज, शहीदों के शवों के प्रबंधन, परिवारों के लिए राहत और आंदोलनकारियों की चिंताओं को सुनने पर ध्यान केंद्रित करना था इसलिए राजनीतिक दलों से वार्ता में कुछ समय लग गया। प्रधानमंत्री कार्की ने कहा कि राष्ट्रपति ने अब बातचीत के द्वार खोल दिए हैं। यह जेनजेड और राजनीतिक दलों के लिए एक साथ बैठने, स्थिति को सामान्य करने और चुनावों की ओर बढ़ने का समय है। उन्होंने कहा कि सरकार अब निरंतर संवाद बनाए रखेगी और अगली वार्ता राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों और जेन जी के प्रतिनिधियों के साथ साझा रूप से किया जाएगा। उन्होंने सभी पक्षों से आगामी चुनावों की सफलता सुनिश्चित करने में अपनी भूमिका निभाने का आग्रह करते हुए कहा कि सरकार उनकी चिंताओं और मुद्दों को दूर करने के लिए तैयार है। इस बैठक में नेपाली कांग्रेस महासचिव गगन थापा और प्रवक्ता डॉ. प्रकाश शरण महत, यू. एम. एल. महासचिव शंकर पोखरेल और उप महासचिव प्रदीप ज्ञवाली और माओवादी के तरफ से पंफा भूसल और वर्षमान पुन से भाग लिया। इसी तरह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के उपाध्यक्ष डॉ. स्वर्णिम वागल और सचिवालय की सदस्य सोबिता गौतम, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के महासचिव राजेंद्र गुरुंग और प्रवक्ता मोहन श्रेष्ठ, जनता समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष उपेंद्र यादव और प्रकाश अधिकारी, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के संसदीय दल के नेता सर्वेन्द्र नाथ शुक्ला, नागरिक उनमुक्ति पार्टी के अध्यक्ष रेशम चौधरी और नेपाल मजदूर किसान पार्टी के प्रेम सुवाल भी उपस्थित थे। जनमत पार्टी के महासचिव चंदन कुमार सिंह ने प्रतिनिधित्व किया, जबकि एकीकृत समाजवादी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र पांडे और उपाध्यक्ष प्रकाश ज्वाला ने उनके पक्ष से भाग लिया। नागरिक समाज के दो प्रतिनिधियों किशोर भक्त श्रेष्ठ और विद्याधर मल्लिक को भी आमंत्रित किया गया था।

## उत्तर कोरिया ने ट्रंप की यात्रा से पहले दक्षिण कोरिया पर मिसाइल दागी



**सियोल,** (हि.स.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अगले हफ्ते हो रही दक्षिण कोरिया की यात्रा के बीच उत्तर कोरिया ने उसके दक्षिणी क्षेत्र पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया है दक्षिण कोरिया की सेना ने बुधवार को बताया कि उत्तर कोरिया ने उसके पूर्वी क्षेत्र पर एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी है। हालांकि उसने इस बाबत और कोई ब्यौरा नहीं दिया है। इससे पहले, दक्षिण कोरिया की योनहाप न्यूज एजेंसी ने बताया था कि यह मिसाइल उत्तर कोरिया के पूर्वी तट के पास समुद्र की ओर से दागी गई। उत्तर कोरिया ने आठ मई को भी अपने पूर्वी तट से कम दूरी की कई मिसाइलें दागी थीं। गौरतलब है कि उत्तर कोरिया उसके बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर अमेरिका, दक्षिण कोरिया और कई अन्य देशों द्वारा समर्थित अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध को नहीं मानता है। उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया के खिलाफ यह मिसाइल उस समय दागी है जब अगले हफ्ते दक्षिण कोरिया में एशिया-प्रशांत आर्थिक मंच के लिए अनेक विश्व नेता यहां पहुंच रहे हैं। इनमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी शामिल हैं। इसी महीने उत्तर कोरिया ने चीन के प्रधानमंत्री की मौजूदगी में एक परेड में अपनी नई 'इंटरकॉन्टिनेंटल' बैलिस्टिक मिसाइल का प्रदर्शन किया था।

## यूक्रेन पर रूसी हमलों में छह की मौत, पुतिन-ट्रंप शिखर बैठक टली



**कीव,** (हि.स.)। यूक्रेन के पूर्वी शहरों को निशाना बनाकर रात भर किए गए रूसी सेना के हवाई हमलों में कम से कम छह लोग मारे गए। हमलों में रूसी सेना ने ड्रोन और मिसाइलों का इस्तेमाल किया। इसके परिणामस्वरूप अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की शिखर बैठक टल गयी है। यूक्रेन की सेना ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि रूस की ओर से रात में 50 से ज्यादा ड्रोन और लगभग 10 मिसाइलें दागी गईं। इनमें से ज्यादातर को यूक्रेन की सेनाओं ने रोक लिया अथवा मार गिराया लेकिन खार्कीव और डिनप्रो इलाकों में इनके हमले कामयाब हुए । एक स्थानीय अधिकारी ने बताया, "ये हमले नागरिक इलाकों को निशाना बना रहे हैं, जिससे कई घर तबाह हो गए।" हालांकि रूस ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि उसके हमले केवल सैन्य लक्ष्यों पर ही हो रहे हैं। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच प्रस्तावित शिखर सम्मेलन को स्थगित कर दिया गया है। व्हाइट हाउस के एक प्रवक्ता ने कहा, "यूक्रेन पर जारी हमलों के कारण यह बैठक टाल दी गई है। हम शांति के लिए बातचीत जारी रखेंगे, लेकिन हिंसा बंद होनी चाहिए।" यह फैसला ऐसे समय आया है जब ट्रंप ने हाल ही में यूक्रेन को सैन्य सहायता बढ़ाने का वादा किया । गौरतलब है कि तीन साल से जारी यूक्रेन युद्ध से जानमाल का काफी नुकसान होने के कारण अंतरराष्ट्रीय चिंताए बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र ने दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की है।

## नाइजीरिया में ईंधन टैंकर में हुए विस्फोट में 35 लोगों की मौत



**आबुजा,** (हि.स.)। नाइजीरिया के उत्तरी राज्य में मंगलवार को एक ईंधन टैंकर के पलट जाने से हुए विस्फोट में कम से कम 35 लोगों की मौत हो गई। संघीय सड़क सुरक्षा कोर ने राज्य में एफआरएससी सेक्टर कमांडर ऐशातु सादु के हवाले से यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना उस समय हुई जब वाहन सड़क से फिसल गया और चारो तरफ पेट्रोल फैल गया। इसके बाद हुए भीषण विस्फोट के कारण उसमें आग लग गई। उन्होंने बताया कि पीड़ितों को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अफ्रीका के सबसे अधिक आबादी वाले इस देश में ऐसी दुर्घटनाएँ आम हैं, जहाँ सीमित पाइपलाइन ढाँचे के कारण पेट्रोलियम उत्पादों का परिवहन सड़क मार्ग से होता है। खराब रखरखाव वाली और गड्ढों से भरी सड़कों के कारण अक्सर ऐसी दुर्घटनाएँ होती हैं, जिनमें हर साल सैकड़ो लोग मारे जाते हैं।

## पूर्व प्रधानमन्त्री ओली की पार्टी का कार्यकर्ता पूर्व राष्ट्रपति विद्या भंडारी के घर में आगजनी के आरोप में गिरफ्तार



**काठमांडू,** (हि.स.)। नेपाल की पूर्व राष्ट्रपति विद्या भंडारी के घर में आगजनी के आरोप में पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली की पार्टी नेकपा (एमाले) के युवा संगठन से जुड़े कार्यकर्ता सोनम थेबे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह काठमांडू के धूम्बराही क्षेत्र में रह रहा था और ओली की पार्टी के युवा संघ का सक्रिय सदस्य बताया जा रहा है।

**प्रदर्शन के दौरान लगाई गई थी आग** : जेन-जेड प्रदर्शन के दौरान भंडारी के निजी आवास में आग लगा दी गई थी, जब वह घर पर ही मौजूद थीं। काठमांडू पुलिस प्रवक्ता एसपी पवन भट्टराई ने बताया कि आरोपी थेबे को महाराजगंज क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया और फिलहाल उसे जिला पुलिस थाने में रखा गया है। प्रारंभिक जांच में पुष्टि हुई है कि थेबे ने आगजनी में अग्रणी भूमिका निभाई।

**आपराधिक पृष्ठभूमि और उगाही के आरोप** : पुलिस के अनुसार, थेबे की आपराधिक पृष्ठभूमि है और उसके खिलाफ तोड़फोड़, आगजनी व सार्वजनिक अपराधों के मामले दर्ज हैं। उस पर धूम्बराही क्षेत्र के होटल संचालकों और भूमि दलालों से धमकी देकर पैसे वसूलने के भी आरोप हैं। उल्लेखनीय है कि विद्या भंडारी पहले ओली की पार्टी में उपाध्यक्ष रहीं, लेकिन अब दोनों के बीच राजनीतिक मतभेद खुले रूप में सामने हैं।

## इजराइल ने किया हमास-अल जजीरा गठजोड़ का खुलासा, कहा-आतंकवाद का प्रचार पत्रकारिता नहीं



**तेल अवीव,** (हि.स.)। इजराइल ने कतर के स्वामित्व वाले अंतरराष्ट्रीय टीवी चैनल अल जजीरा पर हमास के साथ मिलकर दुष्प्रचार फैलाने का गंभीर आरोप लगाया है। मीर अमेट खुफिया और आतंकवाद सूचना केंद्र द्वारा 20 अक्टूबर को जारी एक वृत्तचित्र में यह दावा किया गया कि गाजा युद्ध के दौरान चैनल ने हमास के आतंकियों को मनोवैज्ञानिक समर्थन दिया और युद्ध को प्रभावित करने का प्रयास किया।

**हमास के साथ मीडिया समन्वय का खुलासा** : वृत्तचित्र के अनुसार, आईडीएफ को गाजा से मिले दस्तावेजों में पाया गया कि हमास और अल जजीरा के बीच नियमित संपर्क और मीडिया समन्वय था। यहां तक कि हमास ने चैनल की कवरेज दिशा तय करने के लिए सुरक्षित टेलीफोन लाइन स्थापित की थी।

**पत्रकारों पर हमास से जुड़े होने का आरोप** : इजराइल ने यह भी आरोप लगाया कि गाजा में अल जजीरा के कई पत्रकार हमास की सैन्य शाखा में सक्रिय थे। इनमें से कुछ 7 अक्टूबर 2023 के हमले में भी शामिल थे। चैनल ने उस दिन हमलों की लाइव कवरेज की और हमास आतंकियों के फुटेज प्रसारित किए।

**कतर की भूमिका और पक्षपाती प्रसारण** : इजराइली रिपोर्ट में कहा गया कि कतर का हमास से गहरा संबंध है और वह आर्थिक सहायता भी देता है। अल जजीरा के प्रसारणों में हमास को "मुकाविमिन" (जिहाद लड़ाके) और आईडीएफ को "कब्जे वाली सेना" कहकर प्रस्तुत किया गया। इजराइल ने इसे निष्पक्ष पत्रकारिता के सिद्धांतों के विपरीत बताया।

### बुलेटिन बॉक्स

» बांग्लादेश: जुलाई विद्रोह में संलिप्तता के आरोप में 15 सैन्य अधिकारियों को जेल भेजा गया।

---

» नेपाल: पूर्व राष्ट्रपति विद्या भंडारी के घर में आगजनी मामले में ओली समर्थक सोनम थेबे गिरफ्तार।

---

» ईरान-भारत फुटबॉल: ईरान ने भारतीय महिला टीम को त्रिकोणीय टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में 2-0 से हराया।

## अमेरिका में व्हाइट हाउस के पास सुरक्षा द्वार पर कार घुसा दी, गिरफ्तार



**वाशिंगटन,** (हि.स.)। संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक निवास व्हाइट हाउस के पास एक सुरक्षा द्वार पर कार घुसाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। यह वाकया मंगलवार रात का है। अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के अधिकारी इस घटना की जांच कर रहे हैं। दक्षिण-पश्चिम में 17वीं और ई स्ट्रीट स्थित सुरक्षा द्वार पर हुई इस वारदात से सुरक्षा अधिकारी अचरज में हैं।

एबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी सीक्रेट सर्विस ने बताया कि मंगलवार रात व्हाइट हाउस के पास एक सुरक्षा द्वार पर कार घुसाने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह घटना रात लगभग 10:37 बजे व्हाइट हाउस के दक्षिण-पश्चिम में 17वीं और ई स्ट्रीट स्थित एक सुरक्षा द्वार पर हुई।

सीक्रेट सर्विस ने एक बयान में कहा, "अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने आरोपित व्यक्ति को बिना मौका गंवाए गिरफ्तार कर लिया।सीक्रेट सर्विस और मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग ने गाड़ी की जांच की। जांच में कार को सुरक्षित पाया। जाँच पूरी होने पर अतिरिक्त जानकारी दी जाएगी।"

## बांग्लादेश में जुलाई विद्रोह के दौरान हुए हत्याकांड में 15 मौजूदा सैन्य अधिकारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, आईसीटी ने जेल भेजा



**ढाका,** (हि.स.)। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1 (आईसीटी-1) ने जुलाई विद्रोह के दौरान हत्या और दो लोगों की गुमशुदगी के आरोप में 15 मौजूदा सैन्य अधिकारियों को जेल भेजने का आदेश दिया है। मंगलवार सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच इन सभी अधिकारियों को आईसीटी-1 के समक्ष पेश किया गया। आदेश के बाद उन्हें हरे रंग की एसी सुविधा वाली विशेष जेल वैन से रवाना किया गया। मुख्य अभियोजक ताजुल इस्लाम ने बताया कि अदालत ने हत्या और गुमशुदगी मामलों की अगली सुनवाई की तारीख क्रमशः 5 और 20 नवंबर तय की है। इन अधिकारियों में मेजर जनरल शेख मोहम्मद सरवर हुसैन, ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद जहांगीर आलम समेत कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि 8 अक्टूबर को आईसीटी-1 ने इसी मामले में 32 आरोपितों के खिलाफ वारंट जारी किए थे, जिनमें अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके पूर्व सलाहकार मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) तारिक अहमद सिद्दीकी भी आरोपी हैं।



# पीवीएल 2025 : कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स ने अहमदाबाद डिफेंडर्स को 3-1 से हराकर टूर्नामेंट को विदाई दी

कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स ने आरआर केबल प्राइम वॉलीबॉल लीग पावर्ड बाय स्कैपिया के मुकाबले में अहमदाबाद डिफेंडर्स को 3-1 (15-13, 14-16, 17-15, 15-9) से हराकर अपने अभियान का अंत किया। एरिन वर्गीस को शानदार प्रदर्शन के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।अहमदाबाद ने बत्तूर बत्सुरी की जबरदस्त सर्विस और अटैक से पहले सेट में बढ़त बनाई, लेकिन कोच्चि के जसजोध सिंह की सुपर सर्व और ब्लॉक ने स्कोर बराबर किया। अमरिंदरपाल सिंह के मजबूत डिफेंस ने टीम को पहला सेट जीतने में मदद की। दूसरे सेट में एरिन की तेज सर्विस और अहमदाबाद के नंदगोपाल-और अखिन के बदलाव ने खेल को बराबरी पर ला दिया। लेकिन तीसरे सेट में निकोलस मारेचल और जसजोध की तेज़ स्पाइक्स ने कोच्चि को नियंत्रण में ला दिया। हेमंत और अमरिंदरपाल के सटीक अटैक्स और लिबरो एलन आशिक की रक्षात्मक मूव्स ने अहम अंक बनाए। चौथे सेट में कोच्चि की टीम ने लगातार दबाव बनाते हुए अर्शांक सिनान की गलत सर्विस का फायदा उठाकर मैच जीत लिया। इस जीत के साथ कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स ने टूर्नामेंट से विदाई ली, जबकि अहमदाबाद पहले ही सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुका था।

## एडिलेड में वनडे सीरीज जीतने की फिराक में ऑस्ट्रेलिया, भारत को भी चाहिए वापसी



ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में खेले गए पहले वनडे में बारिश ने मुकाबले को अधूरा छोड़ दिया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने 7 विकेट से जीत दर्ज कर भारत पर दबदबा बनाया। जोश हेज़लवुड और मिचेल स्टार्क की धारदार गेंदबाज़ी ने भारतीय टॉप ऑर्डर को ध्वस्त कर दिया। मैथ्यू रेनशॉ और मिचेल ओवेन ने वनडे डेब्यू में शानदार प्रदर्शन किया। भारत की ओर से केवल नितीश कुमार रेड्डी ने थोड़ी उम्मीद जगाई, जबकि अर्शदीप सिंह ने नई गेंद से अच्छा प्रदर्शन किया। विराट कोहली और रोहित शर्मा दोनों ही फ्लॉप रहे। एडिलेड में गुरुवार को होने वाले दूसरे वनडे में भारत के लिए 'करो या मरो' की स्थिति होगी। टीम में कुलदीप यादव और प्रसिद्ध कृष्णा को मौका मिल सकता है। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया में एलेक्स कैरी और एडम ज़म्पा की वापसी तय मानी जा रही है। एडिलेड में मैथ्यू शॉर्ट, जो अपने घरेलू मैदान पर उतरेंगे, से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। भारत को अपनी बल्लेबाज़ी और रणनीति दोनों में सुधार कर सीरीज़ बराबर करने की चुनौती होगी।

## महिला विश्व कप : भारत और न्यूज़ीलैंड 'करो या मरो' मुकाबले में आमने-सामने, बारिश बन सकती है बड़ा फैक्टर

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। नवी मुंबई में गुरुवार को होने वाले अहम मुकाबले में भारत और न्यूज़ीलैंड की टीमें सेमीफाइनल की उम्मीदों के लिए मैदान में उतरेंगी। लगातार तीन हार झेल चुकी भारतीय टीम पर दबाव है, जबकि न्यूज़ीलैंड को भी बारिश के कारण दो मैच रद्द होने के चलते मुश्किल राह का सामना करना पड़ रहा है। दोनों टीमों के लिए यह मुकाबला करो या मरो जैसा होगा।



**टीम इंडिया की सबसे बड़ी चिंता – अस्थिर संयोजन** भारत की सबसे बड़ी चुनौती उसका अस्थिर संयोजन और नाकाम बल्लेबाज़ी है। पिछले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ टीम ने गेंदबाज़ी को प्राथमिकता दी, लेकिन बल्लेबाज़ी दबाव में फिर ढह गई। कप्तान हरमनप्रीत कौर और उपकप्तान स्मृति मंधाना पर अब बड़ी पारी की जिम्मेदारी होगी। टीम को जेमिमा रोड्रिग्ज़ जैसे भरोसेमंद बल्लेबाज़ की कमी भी खल रही है।

**मौसम बना अनिश्चितता का कारण** : नवी मुंबई में मौसम की मार इस मैच की दिशा तय कर सकती है। दो दिन पहले भारी बारिश के कारण भारतीय टीम को अभ्यास सत्र रद्द करना पड़ा। मौसम विभाग ने मैच के दिन भी हल्की बारिश की संभावना जताई है। अगर मुकाबला रद्द होता है तो भारत के लिए यह राहत की स्थिति होगी, क्योंकि न्यूज़ीलैंड को आगे इंग्लैंड जैसी मजबूत टीम से भिड़ना है।

**क्रांति गौड़ और गेंदबाज़ी की चुनौती** : युवा तेज़ गेंदबाज़ क्रांति गौड़ पर सभी की नज़रें होंगी। उन्होंने शुरुआती ओवरों में प्रभावशाली गेंदबाज़ी की है, लेकिन डेथ ओवरों में रन लुटाने की समस्या बनी हुई है। टीम प्रबंधन उनसे इस मैच में नियंत्रण और धार दोनों की उम्मीद रखेगा।

**न्यूज़ीलैंड को चाहिए ठोस शुरुआत** : न्यूज़ीलैंड की ओपनिंग जोड़ी सूज़ी बेट्स और जॉर्जिया प्लिमर अब तक फ्लॉप रही हैं। टूर्नामेंट में उनकी साझेदारी का औसत सिर्फ 10.66 रहा है। डी वाई पाटिल की बल्लेबाज़ी पिच पर उन्हें मजबूत शुरुआत की दरकार होगी, ताकि कप्तान सोफी डिवाइन और अमेलिया केर मध्यक्रम में लय हासिल कर सकें।

## त्रिकोणीय महिला मैत्री फुटबॉल टूर्नामेंट : ईरान ने भारत को 2-0 से हराया



**शिलॉन्ग,** (हि.स.)। भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम को त्रिकोणीय महिला अंतरराष्ट्रीय मैत्री टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में मंगलवार रात ईरान के हाथों 0-2 से हार झेलनी पड़ी। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में ईरान की स्थानापन्न खिलाड़ी सारा दीदार ने 64वें और 74वें मिनट में दो गोल दागे। पहले हाफ में भारत ने कड़ा मुकाबला किया, लेकिन दूसरे हाफ में ईरानी टीम ने खेल पर पूरी पकड़ बना ली।

भारत का एकमात्र सटीक प्रयास 89वें मिनट में लिंडा कॉम सेर्टो की फ्री-किक से आया, जिसे ईरानी गोलकीपर ने शानदार तरीके से रोक लिया। अब भारत 27 अक्टूबर को नेपाल से भिड़ेगा, जबकि ईरान 24 अक्टूबर को नेपाल का सामना करेगा।

## नोवाक जोकोविच ने पेरिस मास्टर्स से नाम वापस लिया

**पेरिस,** (हि.स.)। विश्व टेनिस के महान खिलाड़ियों में शुमार सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने अगले सप्ताह होने वाले पेरिस मास्टर्स से हटने की घोषणा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर उक्त घोषणा की।

उन्होंने यह फैसला सिक्स किंग्स स्लैम प्रदर्शनी टूर्नामेंट के दौरान पैर में लगी चोट के चलते लिया है। 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच ने इस सीज़न में बहुत कम टूर्नामेंट खेले हैं। चारों ग्रैंड स्लैम के अलावा उन्होंने सिर्फ आठ एटीपी टूर इवेंट्स में हिस्सा लिया।

38 वर्षीय जोकोविच इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन, विंबलडन और यूएस ओपन- सभी चार ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल तक पहुंचे।



मई अंत से सितंबर के अंत तक उन्होंने केवल उन्हीं तीन स्लैम टूर्नामेंट में भाग लिया। हाल ही में खेले गए शंघाई मास्टर्स में भी जोकोविच को हिप (कूल्हे) की समस्या से जूझना पड़ा था, जिसके चलते वह सेमीफाइनल में बाहर हो गए थे।जोकोविच पिछले हफ्ते सऊदी अरब में आयोजित सिक्स किंग्स स्लैम में शामिल हुए थे, जहां उन्हें शुरुआती राउंड में बाई मिली थी। पहले मैच में वह जानिक सिनर से हार गए और तीसरे स्थान के लिए टेलर फ्रिट्ज़ के खिलाफ मुकाबले में एक सेट खेलने के बाद चोट के कारण मैच छोड़ना पड़ा।जोकोविच ने पहले ही एटीपी फाइनल्स (9 से 16 नवंबर, ट्यूरिन, इटली) के लिए क्वालीफाई कर लिया है, लेकिन उन्होंने 2024 में यह टूर्नामेंट छोड़ दिया था। इस बार भी उनकी भागीदारी को लेकर अब संशय बढ़ गया है।

## यूईएफए चैंपियंस लीग : पीएसजी ने बायर लेवरकुसेन को 7-2 से रौंदा, न्यूकैसल ने बेनफिका को 3-0 से हराया

**लेवरकुसेन,** (हि.स.)। यूरोपीय चैंपियंस लीग में मंगलवार का दिन रोमांच से भरपूर रहा। मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने बायर लेवरकुसेन को 7-2 से हराकर अपने आक्रामक खेल का शानदार प्रदर्शन किया। पहले हाफ में ही छह गोल, दो रेड कार्ड और दो पेनल्टी ने दर्शकों को सीट से बांधे रखा। पीएसजी के विलियम पाचो, डिज़ायरे डूए (दो गोल), ख्विचा क्वारात्सखेलिया, नूनो मेंडेस, ओस्मान डेम्बेले और वितिन्हा ने टीम की ओर से गोल किए, जबकि लेवरकुसेन की ओर से एलेइक्स गार्सिया ने दो गोल दागे। इस जीत के साथ पीएसजी गोल अंतर के आधार पर अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया।



**न्यूकैसल के गोलकीपर पोप का 'थ्रो मैजिक'** : दूसरे मुकाबले में न्यूकैसल ने बेनफिका को 3-0 से परास्त किया। मैच का सबसे चर्चित पल गोलकीपर निक पोप के ओवरआर्म थ्रो से आया, जब उन्होंने हाफवे लाइन के पार हार्वी बार्न्स को गेंद थमाई और बार्न्स ने शानदार फिनिशिंग कर गोल दागा। इस गोल के बाद पूरी टीम ने पोप को घेरकर खुशी मनाई। इस जीत से न्यूकैसल की नॉकआउट चरण में पहुंचने की उम्मीदें और मजबूत हो गई हैं।

**पहले हाफ में ही बरपा तूफान**

मैच के शुरुआती 45 मिनट में ही मैदान पर जबरदस्त ड्रामा देखने को मिला। 7वें मिनट में पाचो के हेडर से पीएसजी ने बढ़त बनाई, फिर लेवरकुसेन को पेनल्टी मिली जिसे ग्रिमाल्डो ने गंवा दिया। इसके बाद दोनों टीमों को रेड कार्ड मिले और स्कोर 1-1 से बराबर हुआ। लेकिन इंजरी टाइम में डूए के गोल से पीएसजी 4-1 से आगे निकल गया।